



हरिभूमि
# रायपुर भूमि



■ बारिश के सीजन में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

■ बिजली तारों की मरम्मत कागजों तक ही सिमटी

■ कई इलाकों में खुले ट्रांसफार्मर से खतरा

**केस 01** पेंशनबाड़ा चौक पुलिस कालोनी के पास बिजली खंबे और तारों पर सांप की तरह पेड़ों की टहनियां व लताएं लिपटी हुई हैं। इसके कारण यहां आसपास रहने वालों के साथ इस मार्ग पर आवागमन करने वालों में हादसे होने का भय लगा रहता है।

**केस 02** महावीर नगर की मुख्य सड़क पर लगे बिजली खंबे में मकड़ियों के जाल की तरह पेड़ों की लताएं उलझी हुई हैं, जिसके कारण यहां भी शॉर्ट सर्किट से तार टूटकर सड़क पर गिरने का भय बना हुआ है।

**केस 03** माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय के पास टैगोर नगर मार्ग पर सड़क से गुजरे बिजली के तारों पर पेड़ की टहनियां लटक रही हैं। इसके कारण यहां भी हादसे की आशंका बनी हुई है।

# मेंटेनेंस के लिए बार-बार बत्ती गुल, फिर भी सुलझा नहीं पाए पेड़ों से उलझी शाखाओं का मसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बारिश के सीजन में सबसे ज्यादा बिजली करंट फैलने व लगने का भय बना रहता है। इस सीजन में आम लोगों को सबसे ज्यादा भय सड़कों पर लगे खुले ट्रांसफार्मर और बिजली के खंबों से गुजरे तारों से रहता है। राजधानी रायपुर के कई इलाकों में खुले ट्रांसफार्मर के अलावा बिजली के खंबों तथा तारों पर पेड़ों की टहनियां लटक रही हैं, वहीं कई जगह पर बिजली के तारों में टहनियां उलझी ▶▶ शेष पेज 13 पर



### हादसे के साथ बिजली गुल होने की परेशानी

बरसात के समय अगर तेज हवा चली, तो शार्ट सर्किट के कारण बिजली गुल हो जाती है, जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। इतना ही नहीं, तेज हवा के कारण पेड़ की टहनियां टूटकर विद्युत तारों के संपर्क में आने से टूटकर गिर भी जाती हैं, इससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### शराब घोटाला, भाटिया की पुलिस रिमांड 3 दिन बढ़ी

**रायपुर।** दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए भिलाई के कारोबारी विजय भाटिया की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद ईओडब्ल्यू के अफसरों ने शुक्रवार को विशेष कोर्ट में उसे पेश किया। पूछताछ में नए तथ्य सामने आने के बाद ईओडब्ल्यू ने विजय की पुलिस रिमांड बढ़ाने कोर्ट में आवेदन पेश किया। कोर्ट ने विजय की पुलिस रिमांड 9 जून तक बढ़ा दी है। शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड 20 जून तक के लिए बढ़ा दी है।

### 20 हजार का गांजा जब्त दो विक्रेता हुए गिरफ्तार



**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को गांजा बेचते गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के कब्जे से 20 हजार रुपए कीमत का दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में यूनियन क्लब के पीछे रहने वाले हाशिम शेख तथा बांसटाल निवासी अभिजीत नायक को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक डीकेएस अस्पताल के पीछे पुड़िया बनाकर गांजा बेचते पकड़े गए।

### पुलिस वाहन और बाइक की टक्कर, दो घायल

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस वाहन और बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें दो युवकों के घायल होने की खबर है। मामला शुक्रवार देर रात 12 बजे के आसपास का है, जहां ओसीएम चौक के पास राजनांदगांव पासिंग की पुलिस गाड़ी और बाइक की टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक युवक का पैर टूट गया और दूसरे युवक को चोटें आई हैं बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन में सिर्फ ड्राइवर ही था, जो गाड़ी चला रहा था।

तीन पीड़ित और आए सामने, कार्रवाई के बाद लगातार पुलिस से कर रहे संपर्क

# तोमर बंधुओं का कुचक्र, कर्ज दिया दस लाख ब्याज सहित वसूला सवा करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सूदखोरी की आड़ में जबरन वसूली करने के नाम पर कुख्यात तोमर भाइयों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के बाद वीरेंद्र, रोहित तोमर से प्रताड़ित लोग लगातार सामने आ रहे हैं। दोनों भाइयों के साथ उनका भतीजा तथा सहयोगियों के खिलाफ गुरुवार को एक महिला सहित तीन ने पुरानी बस्ती थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। वीरेंद्र तथा उसके भाइयों ने अपने दोस्त से 10 लाख रुपए कर्ज के एवज में एक करोड़ 30 लाख रुपए की उगाही की। रोहित, वीरेंद्र, उनका भतीजा दिव्यांश तथा सहयोगी आकाश मिश्रा, योगेश सिन्हा के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 13 पर

### एक व्यक्ति को धमकाकर कराई जबरन रजिस्ट्री

#### उगाही के कारण बंद करना पड़ा कारोबार

करन ने पुलिस को बताया है कि तोमर भाइयों की प्रताड़ना तथा जबरन उगाही के कारण वह आर्थिक रूप से बुरी तरह से टूट गया और कारोबार बंद कर उसे वापस नारायणपुर लौटना पड़ा। नारायणपुर पहुंचने के बाद करन ने ज्वेलरी का काम शुरू किया। इसकी जानकारी मिलने पर रोहित तथा वीरेंद्र का भतीजा दिव्यांश अपने साथियों को लेकर करन को धमकाने नारायणपुर पहुंच गए।



#### छिपाकर रखी फार्च्यूनर को पुलिस ने ढूंढा

रोहित तथा वीरेंद्र की तलाश में पुलिस उनके छिपने के संभावित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। इस दौरान पुलिस को दोनों भाइयों के पास महंगी लग्जरी फार्च्यूनर कार जिसमें वे लोगों ▶▶ शेष पेज 13 पर

#### मांग का सिंदूर उजाड़ने की धमकी

करन ने पुलिस को बताया है कि एक करोड़ 30 लाख रुपए वसूल करने के बाद भी ब्याज की रकम बकाया होने की धमकी देकर अवैध वसूली करने से वह तंग आ गया। इस दौरान रोहित तथा वीरेंद्र ने करन को जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी बीवी की मांग का सिंदूर ▶▶ शेष पेज 13 पर

#### ब्याज की बकाया रकम बताकर वसूली

करन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि भखारा में वह पूर्व में साड़ी दुकान संचालित करता था। रोहित तथा वीरेंद्र के साथ करन की सात वर्ष से दोस्ती थी। दोस्ती के कारण करन ने अपने व्यावसायिक कार्यों के लिए चार किस्तों में 10 लाख रुपए कर्ज लिया। कर्ज के एवज में करन ने दोनों भाइयों को अपने तथा अपने पिताजी के नाम से एक दर्जन के करीब ब्लैंक चेक दिया। इसके साथ ही कोरे स्टांप पेपर पर दस्तखत कर दिए। करन ने पुलिस को बताया है कि 10 लाख रुपए के एवज में उसने दिव्यांश, आकाश तथा योगेश के अकाउंट में 16 लाख रुपए ट्रांसफर किए।

# चालीस डिग्री तक पहुंचा तापमान, तेज धूप ने किया हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून की बेरुखी की वजह से प्रदेश के लोगों को अब तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मानसूनी हवा कमजोर होने के कारण दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे तेज धूप लोगों को हलाकान कर रही है। आने वाले चार-पांच दिनों तक इससे राहत मिलने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

■ मानसूनी हवा अभी कमजोर

मानसून की टेढ़ी चाल और दंतेवाड़ा में आकर ब्रेक लेने की वजह से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अरब सागर से आने वाली हवा कमजोर होने की वजह से आठ दिन से मानसून आगे नहीं बढ़ा है। इसका सीधा असर गर्मी पर हुआ है और लगातार बढ़ रहे तापमान से तेज गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार तेज गर्मी से अगले तीन-चार दिनों तक राहत मिलने की संभावना नहीं है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ 55 डिग्री पूर्व में स्थित है। इसके प्रभाव से हवा की दिशा में बदलाव होता है, जो अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवा को कमजोर कर चुकी है। अगले चार से पांच दिनों में स्थिति यही बने रहने की संभावना है। दूसरी ओर स्थानीय असर से शनिवार को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है, मगर इसका बढ़ती गर्मी पर बड़ा असर होने की संभावना नहीं है।

# दस दिन में कोरोना का अर्द्धशतक


*घबराने की नहीं है जरूरत, लक्षण सामान्य, आधा दर्जन ठीक भी हो चुके, शुक्रवार को 17 नए केस की पुष्टि, पांच जिलों में पहुंचा संक्रमण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मौसमी बदलाव के बाद प्रदेश में दस दिन के भीतर कोरोना ने 50 लोगों को संक्रमित किया है। सुकून वाली बात यह है कि संक्रमित मिले सभी मरीजों कर लक्षण सामान्य है और आधा दर्जन पॉजिटिव ठीक भी हो चुके हैं। थोड़ी चिंता का विषय कोरोना के शिकार बने लोगों की कुछ ट्रैवल हिस्ट्री और संक्रमितों के क्लोज कांटेक्ट का होना है। रायपुर जिले में अब तक 31 केस आ चुके हैं और पांच जिले इससे प्रभावित हो चुके हैं।

शुक्रवार को 1183 सैंपलों की जांच में 17 लोगों को पॉजिटिव पाया गया है। इनमें से किसी को हास्पिटल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है। सभी को अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। कोरोना का पहला केस 25 मई को रायपुर में सामने आया था, इसके बाद बरती जा रही सावधानी में कोविड टेस्ट बढ़ने के बाद संक्रमण के केस भी दस दिन में पचास तक पहुंच गए हैं। रायपुर जिले में 31 के अलावा बिलासपुर में 12, जगदलपुर और बालोद में 1-1 तथा दुर्ग में 5 केस हैं। इनमें से आधा दर्जन की कोविड रिपोर्ट निगेटिव हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य राज्यों के मामलों को ध्यान में रखते हुए इफ्लुएंजा के मामलों में निगरानी रखने और ▶▶ शेष पेज 13 पर

### ट्रैवल हिस्ट्री के साथ क्लोज कांटेक्ट वाले भी पॉजिटिव, रायपुर में कुल 31



#### क्लोज कांटेक्ट पर जोर

आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्पष्ट किया कि संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं। जिन व्यक्तियों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान कर जांच की जा रही है। उनके निवास क्षेत्रों में स्वास्थ्य दल भेजकर सर्वेक्षण किया गया है। यदि किसी में लक्षण पाए जा रहे हैं, तो उसकी जांच कराई जा रही है और गंभीर लक्षण होने की स्थिति में उपचार के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है।

#### तैयारियों पर मॉक ड्रिल भी


कोविड-19 की रोकथाम के लिए अस्पतालों में उपचार की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान सभी जिलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निर्देश दिया है कि सीएमएचओ, सिविल सर्जन और मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पताल कोविड-19 के संदिग्ध मामलों की निगरानी करें, आवश्यक जांच कराएं और समय पर सैंपल परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

पहली बार किताबों में लगाया गया है बार कोड, ताकि हो सके ट्रेकिंग

# पुस्तकों में बार कोड, स्कूल जाकर समिति कर रही जांच-किताबें पहुंची या नहीं?

*शासकीय विद्यालयों में किताब वितरण प्रारंभ, निजी स्कूल कर रहे इंतजार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




स्कूली छात्रों को इस बार वितरित की जाने वाली किताबों में बार कोड भी होगा। पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा शासकीय विद्यालयों के लिए किताब वितरण प्रारंभ कर दिया गया है, जबकि निजी स्कूल अब भी इसके लिए इंतजार कर रहे हैं।

पापुनि द्वारा बार कोड संबंधित यह प्रयोग इसलिए किया जा रहा है ताकि पता लगाया जा सके कि किताबों को ट्रैक किया जा सके। गौरतलब है कि पिछले शैक्षणिक सत्र में थोक में चालू सत्र की ही किताबें कबाड़ में मिली थी। इसके बाद जांच समिति बनाई गई थी। जांच में किताबें छात्रों को ना देकर रद्दी में बेचने की बात सामने आई थी। इसके बाद शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छात्रों को वितरित की जाने वाली किताबों में बार कोड लगाया गया है। इस कोड को स्कैन करने के बाद इससे संबंधित जानकारी सामने आ जाएगी। अर्थात किसी भी किताब को रद्दी में बेचे जाने की स्थिति में उसमें दिए गए बार कोड को स्कैन करके यह पता लगाया जा सकेगा कि उक्त किताब किस जिले के लिए आवंटित हुई थी।

#### अधिकारी कर रहे जांच

निजी विद्यालयों को किताब वितरण के लिए तिथि दी जाएगी। पापुनि द्वारा निर्धारित तिथियों में ही निजी स्कूलों को संबंधित बुक डिपो जाकर अपने छात्रों के लिए किताबें लेनी होगी। दूसरी ओर, शासकीय विद्यालयों में किताबों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। कोशिश की जा रही है कि 16 जून से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस ही छात्रों को किताबें वितरित कर दी जाएं। विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की टीम भी गठित की गई है। यह टीम विद्यालयों में ▶▶ शेष पेज 13 पर





عيد الأضحى مبارك

**ईद-उल-अजहा की तहे दिल से मुबारकबाद**



# ईद-उल-अज़हा

## क़ुर्बानी का त्योहार और इसकी सामाजिक व समकालीन उपयोगिता

ईद-उल-अज़हा, जिसे ईद-ए-क़ुर्बान भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर का एक बेहद महत्त्वपूर्ण और पाक अवसर है। यह न केवल हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की आज्ञा पालन और वफ़ादारी की याद दिलाता है, बल्कि इसमें त्याग, दान शीलता, सामाजिक सहानुभूति, और रूहानी तर्बियत का एक मुकम्मल पैग़ाम भी छुपा होता है। यह त्योहार हमें सिर्फ़ जानवर ज़बह करने का नहीं बल्कि ज़िन्दगी के हर पहलू में क़ुर्बानी, सब्र और ज़िम्मेदारी अपनाने की तालीम देता है।

**1. क़ुर्बानी की असल रूह**

हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) का अमल हमें यह सिखाता है कि एक मोमिन इंसान को अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ भी अल्लाह की राह में देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह ईमानदारी और फ़रमाँबरदारी की बेहतरीन मिसाल है, जो न सिर्फ़ हमारी ज़ाती ज़िन्दगी बल्कि पूरे समाज पर असर डालती है। रअल्लाह तक न उनका गोश्त पहुँचता है और न खून, बल्कि तुम्हारा तक़्वा पहुँचता है।र (सूरह अल-हज्ज :37)

**2. सामाजिक समानता और सहानुभूति**

ईद-उल-अज़हा हमें यह एहसास दिलाती है कि ख़ुशी और नेमतों पर हर इंसान का हक़ है — चाहे वो अमीर हो या ग़रीब। जब क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में तक़सीम किया जाता है — तो यह सिर्फ़ एक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक इंसाफ़ और भाईचारे की एक ज़िंदा मिसाल होती है।

**3. पर्यावरणीय पहलू**

आज के दौर में क़ुर्बानी के मौक़े पर माहौलियाती हिफ़ाज़त एक अहम मुद्दा बन चुका है। जानवरों के ज़बह के बाद उनका फ़ुज़ला, खून, खाल वग़ैरह अगर सही तरीक़े से नहीं निपटाया गया, तो यह माहौल को गंदा और नुक़सान पहुँचा सकता है। इस्लाम हमें सिखाता है : रसफ़ाई आधा ईमान है।र इसलिए ज़रूरी है कि हम क़ुर्बानी करते हुए ऐसी जगहों और तरीक़ों को अपनाएँ जहाँ शरई उसूलों का भी ख़याल रखा जाए और माहौल की भी हिफ़ाज़त हो।

**4. क़ुर्बानी में अनुशासन**

ईद-उल-अज़हा के दिन लाखों जानवरों की क़ुर्बानी एक बड़ा और मुनज़्ज़म अमल होता है। इसमें नज़्म-ओ-ज़ब्त, वक़्त की पाबंदी, सफ़ाई का ख़्याल, और दूसरों के जज़्बात का एहतेराम शामिल होना चाहिए। जानवर का सही चुनाव, ज़बह का तरीका, गोश्त की तकसीम- सब कुछ शरीअत के मुताबिक़ हो। बिना जानकारी क़ुर्बानी, गंदगी फैलाना, या दिखावा करना इस इबादत की रूह के ख़िलाफ़ है।

**5. आधुनिक दौर में क़ुर्बानी का मतलब**

आज के दौर में क़ुर्बानी सिर्फ़ जानवर के ज़बह तक महदूद नहीं रहनी चाहिए। हमें इस रूह को अपनी ज़िन्दगी में भी अपनाना होगा: वक़्त की क़ुर्बानी दूसरों के लिए, माल की क़ुर्बानी ज़रूरतमंदों के लिए, अना की क़ुर्बानी रिश्तों की भलाई के लिए, और ख्वाहिशों की क़ुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए। अगर हम सिर्फ़ एक दिन गोश्त बाँट कर पूरे साल बे-परवाह रहें, तो क़ुर्बानी का असल मक़सद खो जाएगा। ईद-उल-अज़हा हमें सिखाती है कि असली क़ुर्बानी वही है जो इख़लास, नियत, और इंसानियत की भलाई के साथ हो। यह एक ऐसा मौका है जब हम न सिर्फ़ अल्लाह की रज़ा हासिल करते हैं, बल्कि समाज में सहानुभूति, साफ़-सफ़ाई, अनुशासन, और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं। अगर हम इस त्योहार की असल रूह को समझकर उस पर अमल करें, तो यह हमारे समाज में त्याग, बराबरी, भाईचारा, और शऊर की बेदारी का सबब बन सकता है।

**नुजहत सुहैल पाशा**
जमात-ए-इस्लाम हिन्द (विमिंस विंग)
मीडिया इंचार्ज, रायपुर (छत्तीसगढ़)




























## प्रशिक्षण : भूजल स्तर को बढ़ाने व जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पर दिया बल

# मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों को 04 क्लस्टर में विभाजित कर मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत 03 जून को रसनी क्लस्टर की 37 ग्राम पंचायत, 04 जून को भैसा क्लस्टर की 36 ग्राम पंचायत, 05 जून को गुल्लू क्लस्टर की 26 ग्राम पंचायत एवं 06 जून को चंदखुरी क्लस्टर की 36 ग्राम पंचायत, कुल 135 ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्राम संगठन प्रतिनिधि (बिहान) की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो की ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, कृषि निस्तारी एवं अन्य उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता धीरे-धीरे कम होते जा रही है एवं जल स्तर में कमी का निदान कैसे किया जाए एवं भविष्य के लिए भूजल स्तर को कैसे बढ़ाया जाए की जानकारी मोर गांव मोर पानी महाअभियान प्रशिक्षण में दी गई। साथ ही ग्रामीण स्तर पर युवा, महिलाओं और बच्चों की भागीदारी से रैली निकालकर विशेष ध्यान देते हुए पानी बचाओं भविष्य बचाओं भावनात्मक नारा देने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही प्रशिक्षण में ग्राम जल सुरक्षा योजना तैयार करना, पुराने जल संरचनओं के जीर्णोद्धार, जल स्त्रोत की सफाई ग्राम पंचायत स्तर पर जल समिति सक्रिय करने की जानकारी दी गई। आयोजित प्रशिक्षण में पानी बचाने के लिए शपथ दिलाई गई। इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाको में जल संकट से निपटने के लिए जल संसाधनों का संरक्षण, पुनर्भरण और सतत उपयोग करते हुए भूजल स्तर को बढ़ाने व जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पर बल दिया जाना है। प्रशिक्षण में कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग द्वारा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जनपद उपाध्यक्ष रविन्द्र रिंकु चंद्राकर, जनपद सदस्यगण, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मारूति राव घोड़ेसवार, कार्यक्रम अधिकारी एमजीनरेगा अनिल चंद्राकर, सरपंच, उपसरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, बिहान की महिलाएं उपस्थित रहे। अंजु निषाद, रूचिका साहू, मोनिका यादव तकनीकी सहायक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



## खबर संक्षेप

### सेजेस खोरपा में किया पौधा रोपण



**अभनपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएमश्री सेजेस खोरपा में एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण की सकारात्मक दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया और अपने घर के आसपास, मोहल्लो, गांव में अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण करने जागरूक की बात कही। इस अवसर पर शिक्षिका भावना साहू, सी पठारे, पीसी साहू, गिरवर पाठक, रूपराम साहू, विशाल पेसवानी, भेषज तारक, सौरभ देवांगन, शुभांक्षी पांडेय, लीना बिसेन, पूर्णिमा साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नपा के कर्मचारियों को वेतन संकट तीन माह से नहीं मिला भुगतान

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका के परमानेंट एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है, जिसके चलते उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही परमानेंट कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे उनको भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारीयों को भी नगर पालिका में वेतन के लाले पड़ गए हैं, प्लेसमेंट के एवं कई सफाई कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि लगातार वेतन के लिए बोलने के बाद भी पालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## निधन

### परदेशी राम वर्मा

**तिल्दा नेवरा।** मोहरा निवासी परदेशी राम वर्मा का 5 जून को रात्रि निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मोहरा में किया गया। वे प्यारे लाल, रुकुम लाल, निरंजन वर्मा के पिता थे। अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण व ग्रामीण शामिल हुए।



# वित्तीय अनियमितताओं को लेकर डाटा हैंडलर ने दिया इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा में संस्था प्रभारी डॉ. शारदा प्रसाद साहू पर वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप सामने आए हैं। यह मामला उस वक्त उजागर हुआ जब केंद्र में कार्यरत डाटा हैंडलर श्रीराम यादव ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर को पत्र सौंपते हुए इस्तीफा दे दिया। श्री यादव ने अपने पत्र में बताया कि डॉ. साहू द्वारा शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए सरकारी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फंड खर्च करने के दौरान न तो नोटशीट बनाई जाती है, न कोटेशन लिए जाते हैं, और न ही क्रय समिति की बैठक बुलाई जाती है। साथ ही, बिना वर्क ऑर्डर के भुगतान, बिलों की स्टॉक रजिस्टर में एंट्री नहीं होना, निजी मोबाइल रिचार्ज में शासकीय फंड का उपयोग और मरीजों को बिना निविदा के भोजन दिए जाने जैसे अनेक गंभीर आरोप शामिल हैं। इस मामले में राज्य स्वास्थ्य मिशन के निर्देश पर सीएमएचओ रायपुर द्वारा 6 मई को तीन सदस्यीय जांच टीम को खोरपा भेजा गया था। टीम ने दस्तावेजों की जांच की और श्री यादव का बयान दर्ज किया। श्री यादव ने मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर सहयोग करने में असमर्थता जताई और पिछले दो वर्षों के ऑडिट की मांग की है। फिलहाल जांच जारी है और स्वास्थ्य विभाग इस प्रकरण की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। दोष सिद्ध होने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की संभावना है।

## विधायक शर्मा ने मांढर के यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने शुक्रवार को मांढर में नवीन यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को शिक्षा के महत्व और जीवन में उसके प्रभाव पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विधायक अनुज शर्मा ने सभी बालकों और पालकों को शिक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और उज्जवल भविष्य की नींव है। उन्होंने सभी से शिक्षा को गंभीरता से लेने और बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा दिलाने का आग्रह किया वहीं इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने उपस्थित लोगों के साथ अपनी शिक्षा और व्यक्तिगत रुचियों को भी साझा किया, जिससे श्रोताओं को प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनकी रुचियों और शिक्षा ने उन्हें वर्तमान स्थान तक पहुंचने में मदद की है। स्कूल के संचालक भागवत साहू ने विधायक अनुज शर्मा के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक विशेष भेंट के रूप में विधायक को उनके जीवन पर बनी फिल्मों के कार्टून भेंट किए, जो उनके बहुमुखी व्यक्तित्व को दर्शाता है।

**इनकी रही उपस्तिथि-** जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेनजनपद सदस्य बबिता गणेशन मूर्ति,धरसींवा भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच कुमारी आडिल, पूर्व सरपंच हेमन्त वर्मा, हनुमंत आडिल, पुरुषोत्तम साहू, चंद्रकांत साहू सहित कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

## कबीर जयंती महोत्सव आज व कल सीएम साय होंगे मुख्य अतिथि



**नवापारा-राजिम।** सोनपैरी आश्रम में 7 जून को कबीर जयंती महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय संत असंगदेव साहेब जी के सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ ही केंद्रीय मंत्री तोखन साहू करने जा रहे है। 7 जून को विशेष रूप से राज्य के डिप्टी सीएम अरूण साव मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होवें। बताया कि प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन कल 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव,डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। दो दिवसीय कार्यक्रम की पूरी तैयारी आश्रम में वाटरप्रुफ डोम बनाकर लाइटिंग कर ली गई है।

## पर्यावरण दिवस पर अल्ट्राटेक में पौधारोपण अभियान



**तिल्दा ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सौजन्य से तिल्दा जनपद के ग्राम किरना में पौधा रोपन अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न केवल विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, बल्कि उनकी देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्थानीय समुदाय के सहयोग से सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह (SHG) की महिलाएं, बालिकाएं, पुरुष एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उपस्थित जनों को पौधा के महत्व, जलवायु पर उनके प्रभाव, तथा पौधों के पालन-पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि केवल पौधारोपण कर देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें फलने-फूलने तक संभालना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान की खास बात यह रही कि अल्ट्राटेक फाउंडेशन की टीम ने गांव के हर घर तक पहुँचकर बुजुर्गों के हाथों उनके आँगन में पौधे लगवाए। साथ ही परिवार के सदस्यों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे पौधों की नियमित देखरेख कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करें। ग्राम पंचायत किरना के सरपंच, उपसरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता ने इस अभियान को और अधिक सफल और प्रेरणादायक बनाया।

## गोढ़ी में चावल उत्सव के तहत तीन माह का चावल एक साथ वितरित

**आरंग।** छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के तहत ग्राम पंचायत गोढ़ी में शनिवार को चावल उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पात्र हितग्राहियों को एक साथ तीन माह का चावल वितरित किया गया। इस अवसर पर नेहा सोनवानी सरपंच, दिलीप बैस सहकारी समिति अध्यक्ष, राजेश वर्मा उपसरपंच, रामकुमार वर्मा महामंत्री, घनश्याम धीवर पंच, हेमराज सेन, केशो वर्मा, धर्मेंद्र सेन, विष्णु बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व उपभोक्ता उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया। ग्रामीणों ने शासन का आभार जताते हुए योजना की प्रशंसा की।



## अभनपुर में विकास कार्यों को मिली रफ्तार



**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर में वार्ड क्रंमाक 11 एवं वार्ड क्रंमाक 12 मे 63 लाख 80 हजार की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, वार्ड पार्षद नीलकमल गिलहरे,बीरबल टंडन, रूपनारायण साहू, सुशीला हरवंश, वीरेन्द्र सिन्हा, आसकरण गिलहरे, डोमेन्द्र साहू, गब्बू धुरव आदि वार्ड पार्षदो की उपस्थिती मे निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने ठेकेदार एवं अधिकारियो को निर्देश दिये गये है। वार्ड क्र. 11 में 11.90लाख की लागत से शेड निर्माण, छोटे उरला मे सामुदायिक भवन 20 लाख,वार्ड क्रं.12 में मुक्ति धाम चबूतरा एवं शेड निर्माण 20 लाख रूपये, प्राथमिक शाला बड़े उरला प्रांगण मे शेड निर्माण 11.90 लाख कुल 63.80 लाख के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

## पेज 11 के शेष

### मेंटेनेंस के लिए बार...

हुई हैं। बारिश का सीजन शुरू हो गया है, बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल कर रही है, लेकिन कंटाई छंटाई का पता नहीं चल रहा है। लोगों को सुविधा देने तथा उनकी सुरक्षा के लिए बिजली तारों की मरम्मत करने की कवायद कागजों तक ही सिमटी हुई है। हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर की सड़कों को रोशन करने के लिए लगे बिजली खंबों और तारों की पड़ताल की। इस दौरान कई जगहों पर खंबों और तारों पर कहीं पेड़ों की टहनियां लटकी मिलीं, तो कहीं टहनियों एवं पेड़ों की लताओं से उलझे खंबे और तार मिले, जबकि हर बार मानसून के आगमन के पूर्व ही विभाग ट्रांसफार्मर, खंबों और बिजली तारों की मरम्मत से लेकर उनके ऊपर से गुजरी पेड़ों की टहनियों को काटने लेकर तारों में उलझी टहनियां और लताओं को निकालने की कार्यवाही करता है। इस बार विभाग ने अब तक यह काम शुरू नहीं किया है।

### तोमर बंधुओं का...

नारायणपुर निवासी करन सोनी के साथ एक महिला तथा एक अन्य ने जबरन उगाही करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया है कि अवैध वसूली करने दोनों भाई अपने भतीजा तथा कर्मचारियों को आगे कर वसूली कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर रोहित तथा वीरेंद्र धमकाने का काम करते हैं। करन ने पुलिस को दोनों भाइयों के ऑडियो टेप पुलिस को दिया है, जिसमें वीरेंद्र तथा उसका भाई पैसा नहीं देने पर करन को धमकी दे रहे हैं।

**एक कर्जदार से जबरन रजिस्ट्री-** पुरानी बस्ती पुलिस के अनुसार रोहित तथा वीरेंद्र की प्रताड़ना से तंग आकर एक कर्जदार ने शिकायत दर्ज कराई है कि कर्ज के बदले रोहित तथा विरेंद्र ने मूल ब्याज लेने के बाद औने-पौने दाम पर उसकी जमीन की रजिस्ट्री कराकर उसके साथ ठगी की है। इसके अलावा एक महिला ने दोनों के खिलाफ अवैध उगाही की शिकायत दर्ज कराई है।

### छिपाकर रखी फार्च्यूनर...

को रौब दिखाने घूमते थे, इसकी जानकारी मिली। पुलिस ने भानपुरी में वीरेंद्र के दोस्त के घर से शुक्रवार को वह फार्च्यूनर कार जब्त की है।

### मांग का सिंदूर उजाड़ने...

उजाड़ने के साथ बेटे को अनाथ करने की धमकी दी। इसके बाद दोनों भाई और उनके भतीजे के खिलाफ करन ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### दस दिन में कोरोना...

लक्षण नजर आने पर कोविड जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब तक जितने भी केस सामने आए हैं, उन्हें बुखार, सर्दी-खांसी अथवा गले में खराश जैसी समस्या है।

### अधिकारी कर रहे...

जाकर जांच कर रही है कि जो किताबें उनके संस्थान के लिए वितरित की गई थीं, वह उन्हें मिल गई है अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व राजधानी के एक कबाड़ में सत्र 2025-26 की किताबें मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके बाद स्कूलों की सख्ती से मॉनिटरिंग की जा रही है।

## सीमा, रुक्मणी एवं रीतांबरा पोस्ट ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित



आरंग। गुरुवार को बीआरसीसी भवन आरंग में ओपन लिंक्स फाउंडेशन के तहत संचालित विनोबा एप में बेहतर कार्य करने वाले विकासखंड के तीन शिक्षक क्रमशः सीमा पालेश्वर, रुक्मणी टंडन, रीतांबरा चंद्राकर को विकासखंड स्रोत समन्वयक के कर कमलों से 'पोस्ट ऑफ द मंथ' सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षकों तीनों को फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किया गया। ओपन लिंक फाउंडेशन के प्रतिनिधि हेमन्त साहू ने बताया यह सम्मान प्रति माह जिला एवं विकासखंड स्तर पर विनोबा एप में उत्कृष्ट नवाचारी गतिविधियां साझा करने वाले शिक्षकों को चयनित कर प्रदान किया जाता है। वहीं बीआरसीसी मातलीनंदन वर्मा ने शिक्षको द्वारा छात्र हित में किए जा रहे नवाचार को विनोबा एप के माध्यम से साझा कर प्रचारित करने की सराहना करते हुए बधाई दिए हैं।


### // ईश्तहार //

**नामंतरण प्र.क्र. 21170/ न. पा. नि. / जोन क्रं 10/2025 रायपुर, दिनांक 02-06-2025 वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446M0947B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Shardacharan Shukla पिता/पति श्री श्रीमती S/O Chintaram Shukla के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Tarjani Rajput पिता/पति श्री श्रीमती W/O Suresh Rajput ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर- जोन -10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा **विक्रेता- श्रीमती कमलेश्वरी चंद्राकर पति श्री कैलाश चंद्राकर, निवासी-ग्राम व पोस्ट- पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग.** के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि **वाके मौजा- ग्राम- पलौद, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-1652 रकबा 0.07 हेक्टेयर** भूमि स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा दिये है तथा केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार से या उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए/ एन.आर.डी.ए., शासन, प्रशासन निगम, पंचायत इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावें बाद म्याद उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने अथवा अपने इच्छित व्यक्ति के पक्ष में करवा लिया जायेगा, समयावधि के बाद प्रस्तुत आपत्ति, उजर या दावा झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग. दिनांकः- 06.06.2025

**भवदीय**
**कु. अरूणा मिश्रा,अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण**
**पता - रेल्वे कालोनी, मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 98931-30323, 97538-71812**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

### // ईश्तहार //

क्रमांक/ क/ बी-121/2024-2025
रायपुर, दिनांक- 30/05/2025,
ग्राम-चंगोराभाठा, तहसील- रायपुर,
जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सरस्वती गोस्वामी पति- स्व. श्री शांतिपुरी गोस्वामी द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता- स्व. श्रीमती रामबाई गोस्वामी पति- स्व.श्री नीलगीर गोस्वामी की मृत्यु दिनांक 14.01.2024 को घर/ हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/06/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोकप, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डूमरतराई थोक बाजार के निर्विरोध अध्यक्ष बने पाहुजा

**रायपुर**। प्रेम पाहुजा को सरदार वल्लभभाई पटेल को डूमरतराई थोक बाजार, रायपुर का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। डूमरतराई थोक बाजार के संरक्षक एवं चैंबर सलाहकार अशोक मलानी की उपस्थिति में निर्वाचन बाजार समिति के वरिष्ठों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। श्री पाहुजा का निर्विरोध निर्वाचन उनके व्यापक अनुभव, उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। श्री प्रेम आहूजा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर चैंबर के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### होटल, बार संचालकों को हाई क्वालिटी कैमरा लगाने निर्देश



**रायपुर**। होटल, बार तथा रेस्टोरेंट में आए दिन मारपीट तथा अन्य तरह की लगातार घटना सामने आने के बाद शुक्रवार को एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने इन संस्थानों के संचालकों की बैठक ली। बैठक में ग्रामीण के साथ सिटी तथा नवा रायपुर के एएसपी सहित एएसपी क्राइम शामिल हुए। एसएसपी द्वारा आयोजित बैठक में सौ के करीब होटल, बार तथा रेस्टोरेंट संचालक शामिल हुए। बैठक में एसएसपी ने सभी लोगों को प्रोटोकॉल के साथ दिए गए दिशा, निर्देशों का कड़ाई से पालन करने करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी ने होटल, रेस्टोरेंट तथा बार संचालकों को वैद्य लाइसेंस रखने, बार, क्लब को समय पर खोलने एवं बंद करने निर्देश दिए। विशेष आयोजन की पूरी रूप रेखा के बारे में विधिवत अनुमति लेने, मेन गेट, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग एवं अन्य स्थानों पर हाई क्वालिटी कैमरा लगाये जाने के निर्देश दिए गए।

## निधन

### लक्ष्मीकांत झा



**रायपुर**। रोहिणीपुरम डीडीनगर निवासी लक्ष्मीकांत झा का 6 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नीतीश झा और निधि झा के पिता थे।

### लता गडकरी



**रायपुर**। टिकरापारा स्थित चितवन वृद्धाश्रम निवासी लता गडकरी (82) का 6 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। चितवन परिवार के मुखिया राजेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# नए सत्र से राजधानी में 1422 की जगह 1033 शासकीय शाला, एक ही कैंपस में लग रहे 385 विद्यालय मर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत किया गया मर्ज, अभनपुर के एक व रायपुर के 3 स्कूल समायोजित
- शिक्षकों की आपत्तियों का होगा निराकरण, त्रुटि मिलने पर कार्रवाई की तैयारी

राजधानी में नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों की संख्या घटकर 1033 हो जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 1422 शासकीय विद्यालयों में छात्रों को दाखिला दिया गया था, लेकिन सत्र 2025-26 से 1033 स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया होगी। संख्या में यह कटौती स्कूलों को बंद किए जाने के कारण नहीं, अपितु उन्हें आपस में मर्ज किए जाने के कारण हुई है। उदाहरणस्वरूप, यदि किसी बिल्डिंग में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर-उच्चतम माध्यमिक कक्षाओं की संचालन होता था, तो उसे तीन स्कूल के रूप में गिना जाता था। युक्तियुक्तकरण के बाद इसे एक ही विद्यालय माना जाएगा। इस फॉर्मूले पर जिले के 385 स्कूल मर्ज हुए हैं।

वहीं दूसरी ओर दूरी तथा छात्र संख्या के आधार पर अभनपुर के एक तथा रायपुर के तीन स्कूलों को समायोजित किया गया है। शिक्षकों द्वारा युक्तियुक्तकरण के विरोध के बीच शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता में कलेक्टर गौरव सिंह ने इससे जुड़े तथ्य पेश किए। उनका कहना है कि युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों द्वारा जो भी आपत्तियां पेश की गई हैं, उनका निराकरण किया जाएगा।

### ग्रामीण इलाकों में नहीं थे शिक्षक

कलेक्टर का कहना है कि नगरीय इलाकों में शिक्षक अधिक थे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी के कारण शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थी। युक्तियुक्तरण से शिक्षकों की संख्या संतुलति होने तथ परिणाम सुधरने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। समायोजन केवल उन्हीं स्कूलों का किया गया है, जहां छात्र संख्या कम थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 60 विद्यार्थियों पर 2 शिक्षक का नियम है।

### शिक्षकों का आरोप-नहीं मांगी गई दावा आपत्ति

शुक्रवार को दर्जन भर शिक्षक काउंसिलिंग में हुई गड़बड़ी शिकायत करने कलेक्ट्रोट पहुंचे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री अवध वर्मा और रायपुर के संगठन मंत्री सुनील नायक का कहना है कि अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार करते समय दावा-आपत्ति नहीं मांगी गई। काउंसिलिंग के दौरान व्याख्याताओं के कुछ रिक्त पदों को प्रदर्शित ही नहीं किया गया। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा तैयार मेरिट लिस्ट पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई स्कूलों के शिक्षकों ने पृथक-पृथक रूप से विभिन्न विसंगतियों को लेकर आरोप लगाए हैं।

बारिश पूर्व नालों की साफ-सफाई के दावे खोखले साबित हो रहे

# बरसात से पहले नाली-नालों की सफाई नहीं खारुन में भी जा रही चिंगरी नाले की गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बरसात से पूर्व राजधानी रायपुर के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई करने के नगर निगम प्रशासन के दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख चिंगरी नाला सहित अनेकों इलाकों में छोटी-बड़े नाली-नालों की सफाई अभी तक नहीं हो पाई है, जिसके कारण बरसात होते ही इन इलाकों की कई बस्ती एवं कालोनियों से लेकर सड़कों पर बारिश के पानी का भराव होगा, जिसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ेगी।

इधर चिंगरी नाला की गंदगी लगातार खारुन नदी में प्रवेश कर रहा है, जिससे नदी का पानी भी दूषित हो रहा है। इस नाले का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इसके बाद भी नदी में नाले की गंदगी जा रही है।

### आयुक्त-महापौर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए थे निर्देश

बारिश का सीजन शुरू होने से पहले निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी नाली-नालों की सफाई करने के लिए एक अहम बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सभी जोन कमिश्नरों सहित प्रशासन के आला अधिकारी भी शामिल हुए थे। बैठक आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे की उपस्थिति में हुई थी।

बैठक में महापौर ने सख्त निर्देश दिए थे कि बरसात से पूर्व सभी नाली-नालों की सफाई हो जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी जोन कार्यालयों को अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों का बल भी दिया गया था। महापौर ने यह भी कहा कि था कि अगर किसी क्षेत्र में इसके बाद भी नालों की सफाई नहीं होने से जल भराव की स्थिति निर्मित होगी, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के जोन कमिश्नर जिम्मेदार होंगे। इस निर्देश के बाद भी शहर में अनेकों इलाकों में नाली-नालों की सफाई नहीं हो पाई है।



### चिंगरी नाला की गंदगी से दूषित हो रहा नदी का पानी

नगर निगम की तरफ से खारुन नदी में गिरने वाले 17 नालों और नालियों के पानी को स्वच्छ करने के लिए निमोरा, कारा, चंदनीडीह और भाठागांव में 240 करोड़ की ज्यादा की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया गया है। भाठागांव में लगाए गए एसटीपी के बाद भी चिंगारी नाले का गंदा पानी के साथ कचरा खारून नदी में प्रवेश कर रहा है। इस नाला में लगातार गंदगी रहती है फिर भी सफाई नियमित नहीं की जाती है, परिणाम स्वरूप नाले की गंदगी नदी में जा रही है।

**बजबजा रहा केनाल रोड से लगा नाला**
रिंग रोड से केनाल रोड जाने वाले मार्ग पर बना नाले की ठीक से सफाई नहीं होने के कारण बजबजा रहा है। इस नाले में भारी गंदगी जमा है, जिसके कारण पानी भी ठीक से बह नहीं रहा है। इस कारण इस नाला से लगातार बदबू उठ रही है।

### शासन को भेजा गया 12 करोड़ का प्रस्ताव

इधर नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि चिंगरी नाले के पास की जमीन की सतह मिट्टी वाली है। बारिश के दिनों में धंस जाती है, वहीं नाले में पानी का बहाव तेज होने से उफान में आ जाता है, जिसके कारण उसकी गंदगी नदी में जाती है।इसे रोकने के लिए नदी के किनारे कांक्रीट का बड़ा नाला बनाया जाएगा, जिसमें 12 करोड़ रुपए की राशि लगेगी। इसके लिए निगम की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। इस पर मुहर लगते ही नाले का निर्माण किया जाएगा।

### सफाई के निर्देश दिए गए

नया नाला बनाने के लिए 12 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने का इंतजार है। फिलहाल नाला और नदी की सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

– **अंशुल शर्मा**
ईई
नगर निगम रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री ने किया दौरा

# एमसीएच कालीबाड़ी को 25 नर्स और पांच डॉक्टर मिलेंगे

वेटिंग हॉल होगा वातानुकूलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कालीबाड़ी में संचालित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मानव संसाधन से लैस होंगे। अस्पताल में 5 डाक्टर और 25 नर्स के साथ अन्य स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ वहां जांच और इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए वेटिंग हॉल को वातानुकूलित किया जाएगा। अस्पताल परिसर में विधायक निधि से जेनेरिक दवा दुकान में खोली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को कालीबाड़ी के एमसीएच पहुंचे। उन्होंने प्रसव पूर्व निगरानी कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र समेत अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डों में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकीय स्टाफ की बैठक लेकर अस्पताल की जरूरतों के बारे में जाना और कमियों को दिसंबर तक दूर करने का आश्वासन दिया। मंत्री को जानकारी दी गई कि आंबेडकर अस्पताल के बाद प्रसव के ज्यादा केस यहीं पूरे किये जाते हैं। यहां ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं, उसकी तुलना में स्टाफ की कमी है। इस आधार पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने वहां 4 मेडिकल ऑफिसर, 25 स्टाफ नर्स, 10 वार्ड आया, 5 वार्ड बॉय, 2 लैब टेक्निशन और 2 लैब असिस्टेंट की पदस्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अस्पताल परिसर में विधायक निधि से जेनेरिक मेडिकल स्टोर भी खोला जाएगा। अस्पताल में ओपीडी के दौरान होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए परिजनों के लिए अतिरिक्त वेटिंग हाल और अस्पताल के द्वितीय तल पर स्थित हॉल में और कंडीशनर लगाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण के दौरान विधायक सुनील सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एनडीपीएस मामले में हिस्ट्रीशीटर को 10 साल कैद, दो लाख जुर्माना

जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त चार साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पंडरी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर यासीन अली को एनडीपीएस की स्पेशल कोर्ट ने 10 साल कैद के साथ दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर कोर्ट ने आरोपी को अतिरिक्त चार साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। बदमाश के खिलाफ लूट, हत्या सहित कई अन्य मामले पूर्व में दर्ज हैं, जिनकी अलग-अलग कोर्ट में सुनवाई चल रही है। लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार पंडरी थाने की पुलिस ने साइंस सेंटर के पास चार जनवरी 2021 को यासीन अली के कब्जे से 335 ग्राम चरस तथा पांच किलो गांजा जब्त किया था। यासिन अली के कब्जे से पंडरी के तत्कालीन एएसआई जेएस मरावी ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गांजा तथा मादक पदार्थ जब्त किया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि समाज में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है और ऐसे मामलों में उदारता दिखाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

### यासीन के खिलाफ 11 मामले दर्ज

अभियोजन पक्ष के वकील ने कोर्ट को जानकारी देते हुए बताया है कि यासिन के खिलाफ पंडरी, विधानसभा थाना सहित अन्य थाना क्षेत्रों में हत्या, हत्या की कोशिश, लूट, मारपीट, एनडीपीएस, बलवा सहित 11 मामले दर्ज हैं, जिनकी सुनवाई कोर्ट में चल रही है। यासिन के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी के प्रति किसी प्रकार से कोई नरमी नहीं बरती।

# जेल में मारपीट, आक्रोशित कुनबी समाज ने किया थाने का घेराव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जेल में बंदी के साथ मारपीट करने के आरोप में शुक्रवार देर रात कुनबी समाज तथा मारपीट से आहत पीड़ित के परिजनों ने गंज थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। मारपीट से आहत पीड़ित ने जेल के एक शिक्षक पर मारपीट कराने का आरोप लगाया है। कुनबी समाज के सचिव श्याम देशमुख 4 जून से किसी मामले में जेल में बंद थे। श्याम के साथ समाज के अध्यक्ष देवराज पारधी और पुरुषोत्तम तोंडरे भी जेल में बंद थे। तीनों शुक्रवार देर शाम जेल से रिहा हुए। जेल से बाहर निकलने के बाद श्याम देशमुख सीधे अपने परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अपने परिजनों को जेल के भीतर हुई मारपीट की घटना की जानकारी दी। श्याम देशमुख ने आरोप लगाया कि जेल के शिक्षक नेतराम नागतोड़े ने न केवल उनके साथ दुर्व्यवहार किया, बल्कि अन्य कैदियों से मिलकर उनके साथ मारपीट भी कराई और उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**
घटना की जानकारी मिलने के बाद कुनबी समाज के सदस्य रात में बड़ी संख्या में गंज थाने पहुंच गए। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पेज 11 के शेष

### मेंटेनेंस के लिए बार...

हुई हैं। बारिश का सीजन शुरू हो गया है, बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बिजली गुल कर रही है, लेकिन कंटाई छंटाई का पता नहीं चल रहा है। लोगों को सुविधा देने तथा उनकी सुरक्षा के लिए बिजली तारों की मरम्मत करने की कवायद कागजों तक ही सिमटी हुई है। हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर की सड़कों को रोशन करने के लिए लगे बिजली खंबों और तारों की पड़ताल की। इस दौरान कई जगहों पर खंबों और तारों पर कहीं पेड़ों की टहनियां लटकी मिलीं, तो कहीं टहनियों एवं पेड़ों की लताओं से उलझे खंबे और तार मिले, जबकि हर बार मानसून के आगमन के पूर्व ही विभाग ट्रांसफार्मर, खंबों और बिजली तारों की मरम्मत से लेकर उनके ऊपर से गुजरी पेड़ों की टहनियों को काटने लेकर तारों में उलझी टहनियां और लताओं को निकालने की कार्यवाही करता है। इस बार विभाग ने अब तक यह काम शुरू नहीं किया है।

### तोमर बंधुओं का...

नारायणपुर निवासी करन सोनी के साथ एक महिला तथा एक अन्य ने जबरन उगाही करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों ने पुलिस को बताया है कि अवैध वसूली करने दोनों भाई अपने भतीजा तथा कर्मचारियों को आगे कर वसूली कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर रोहित तथा वीरेंद्र धमकाने का काम करते हैं। करन ने पुलिस को दोनों भाइयों के ऑडियो टेप पुलिस को दिया है, जिसमें वीरेंद्र तथा उसका भाई पैसा नहीं देने पर करन को धमकी दे रहे हैं।
**एक कर्जदार से जबरन रजिस्ट्री** : पुरानी बस्ती पुलिस के अनुसार रोहित तथा वीरेंद्र की प्रताड़ना से तंग आकर एक कर्जदार ने शिकायत दर्ज कराई है कि कर्ज के बदले रोहित तथा विरेंद्र ने मूल ब्याज लेने के बाद औने-पौने दाम पर उसकी जमीन की रजिस्ट्री कराकर उसके साथ ठगी की है। इसके अलावा एक महिला ने दोनों के खिलाफ अवैध उगाही की शिकायत दर्ज कराई है।
**छिपाकर रखी फार्च्यूनर**...: को रौब दिखाने घूमते थे, इसकी जानकारी मिली। पुलिस ने भानपुरी में वीरेंद्र के दोस्त के घर से शुक्रवार को वह फार्च्यूनर कार जब्त की है।
**मांग का सिंदूर उजाड़ने**...उजाड़ने के साथ बेटे को अनाथ करने की धमकी दी। इसके बाद दोनों भाई और उनके भतीजे के खिलाफ करन ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### दस दिन में कोरोना...

लक्षण नजर आने पर कोविड जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब तक जितने भी केस सामने आए हैं, उन्हें बुखार, सर्दी-खांसी अथवा गले में खराश जैसी समस्या है।

### अधिकारी कर रहे...

जाकर जांच कर रही है कि जो किताबें उनके संस्थान के लिए वितरित की गई थीं, वह उन्हें मिल गई है अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व राजधानी के एक कबाड़ में सत्र 2025-26 की किताबें मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके बाद स्कूलों की सख्ती से मॉनिटरिंग की जा रही है।

# मुख्य डाकघर में डाक अदालत का आयोजन 19 को

**रायपुर**। कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, रायपुर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा कर उनका समाधान करने हेतु डाक अदालत का आयोजन 19 जून गुरुवार समय शाम 4 बजे किया जा रहा है। डाक सेवाओं से संबंधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं, रजिस्ट्री, वीपीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा। डाक अदालत का आयोजन मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, जीपीओ बिल्डिंग द्वितीय तल, जय स्तंभ चौक रायपुर में किया जाएगा।

## // ईश्तहार //

**नामंतरण प्र.क्र. 21170/ न. पा. नि. / जोन क्रं 10/2025 रायपुर, दिनांक 02-06-2025 वार्ड का नाम- 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446M0947B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Shardacharan Shukla पिता/पति श्री श्रीमती S/O Chintaram Shukla के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Tarjani Rajput पिता/पति श्री श्रीमती W/O Suresh Rajput ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर- जोन -10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## आम सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा **विक्रेता- श्रीमती कमलेश्वरी चंद्राकर पति श्री कैलाश चंद्राकर, निवासी-ग्राम व पोस्ट- पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग.** के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि **वाके मौजा- ग्राम- पलौद, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-1652 रकबा 0.07 हेक्टेयर** भूमि स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा दिये है तथा केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार से या उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए/ एन.आर.डी.ए., शासन, प्रशासन निगम, पंचायत इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावें बाद म्याद उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने अथवा अपने इच्छित व्यक्ति के पक्ष में करवा लिया जायेगा, समयावधि के बाद प्रस्तुत आपत्ति, उजर या दावा झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग. दिनांकः- 06.06.2025

**भवदीय**
**कु. अरूणा मिश्रा, अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण**
**पता - रेल्वे कालोनी, मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 98931-30323, 97538-71812**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

## // ईश्तहार //

क्रमांक/ क/ बी-121/2024-2025
रायपुर, दिनांक- 30/05/2025,
ग्राम-चंगोराभाठा, तहसील- रायपुर,
जिला- रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सरस्वती गोस्वामी पति- स्व. श्री शांतिपुरी गोस्वामी द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता- स्व. श्रीमती रामबाई गोस्वामी पति- स्व.श्री नीलगीर गोस्वामी की मृत्यु दिनांक 14.01.2024 को घर/ हॉस्पिटल रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/06/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर)
**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
रोवरा, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्राचार्यों सहित काउंसलर्स की भी होगी काउंसिलिंग, बताएंगे-कैसे करें बच्चों की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देशभर के प्रिंसिपलों व स्कूलों के काउंसलरों की काउंसलिंग करेगा। बोर्ड जून के मध्य से प्रिंसिपल व स्कूल काउंसिलर के लिए करियर जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करने जा रहा है।

■ छात्रों को कॅरियर चुनने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए नई व्यवस्था

खास खबर

इसके तहत उन्हें प्रवेश परीक्षाओं और कॅरियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी जाएगी। इन जागरूकता कार्यक्रमों में प्रिंसिपल व काउंसिलर स्वयं सीख कर छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक और कॅरियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैला सकेंगे। सीबीएसई क्रमबद्ध रूप से इसका आयोजन करेगा। सीबीएसई के अनुसार आज की वैश्वीकृत दुनिया में छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों, छात्रवृत्ति और उभरते करियर के बारे में जानकारी तक पहुंच होना जरूरी है। सीबीएसई के अनुसार एनईपी 2020 स्कूलों में मजबूत परामर्श प्रणाली के महत्व पर जोर देती है। ऐसे में बोर्ड करियर जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला शुरू करने जा रहा है। सीबीएसई की ओर से इस संबंध में स्कूलों को एक लिंक भेजा गया है। इसके माध्यम से वह पंजीकृत हो सकते हैं। प्रिंसिपल व परामर्शदाता इंटर्नशिप, व्यावसायिक प्रशिक्षण, और छात्रवृत्ति की जानकारी बेहतर तरीके से छात्रों तक पहुंचा सकेंगे।

### सीबीएसई का प्रयोग, बच्चों को समझने में मिलेगी मदद

#### रहते हैं असमंजस में

बोर्ड के अनुसार, छात्रों को उचित विकल्प और प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। वर्तमान में कई तरह के क्षेत्र छात्रों के लिए खुले हुए हैं। इंटरनेट और रिल्स के दौर में छात्र स्वयं भी असमंजस में रहते हैं कि उन्हें कौन सा क्षेत्र में जाना है। इस कारण वे कई बार गलत क्षेत्र का चुनाव कर लेते हैं और बेतहर कॅरियर नहीं बना पाते। इसे देखते हुए सीबीएसई द्वारा कोशिश की जा रही है कि छात्रों के मनोविज्ञान को समझते हुए वे उन्हें सही मार्गदर्शन दें।




#### माशिम कर रहा ऑनलाइन काउंसिलिंग

सीबीएसई द्वारा जहां पूरे वर्ष छात्रों की काउंसिलिंग की जाती है तो वहीं माशिम परीक्षा के दौरान तथा परिणाम आने के कुछ दिनों बाद तक ही छात्रों के लिए टेलीकाउंसिलिंग की सुविधा देता है। प्राचार्यों की ट्रेनिंग अथवा वर्षभर चलने वाली गतिविधियों के लिए कोई शेड्यूल माशिम द्वारा फिलहाल नहीं बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### बैज बोले- भाजपा सरकार जीएसटी वसूली के नाम पर भय फैला रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में अंबिकापुर सहित अनेको शहरों में व्यापारी सरकार के जीएसटी



वसूलने के तरीके के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर है। केवल जीएसटी से इस लोभी सरकार का पेट नहीं भर रहा है, व्यापारियों के परिसर में अनावश्यक छापे डाले जा रहे हैं, अनुचित ब्याज और पेनाल्टी जबरिया वसूला जा रहा है, व्यापारियों के बीच भय का माहौल व्याप्त है। जीएसटी की इतनी बर्बतापूर्वक कार्यवाहियां पूरे देश में कहीं नहीं हो रही है, जितना भाजपा सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में हो रही है।

### जनकवि लक्ष्मण मस्तुरिया जयंती कार्यक्रम आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जनकवि स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया की जयंती पर रायपुर प्रेस क्लब में आज दोपहर 1.30 बजे से पुरखा के



सुरता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पहुना के तौर पर खेल एवं कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अभिनेता एवं विधायक अनुज शर्मा, विधायक संदीप साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रदेशभर के साहित्यकार, पत्रकार, कलाकार, लेखक, रचनाकार भी शामिल होंगे। आयोजन में महतारी अस्मिता, महतारी भाषा और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का आयोजन मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की ओर से किया गया है।

### बलौदाबाजार कांड : आयोग को चार माह का समय और

**रायपुर।** बलौदाबाजार कांड की न्यायिक जांच अब तक पूरी न हो पाने के कारण सरकार ने आयोग के कार्यकाल में चार माह की वृद्धि का आदेश जारी किया है। पिछले साल 15 -16 मई की मध्यरात्रि को जिला बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम महकोनी, अमरगुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की जांच के लिए जांच आयोग का गठन किया गया था। जांच कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आयोग के कार्यकाल में 12 जून 2025 तक वृद्धि की गई थी, यह अवधि भी अब समाप्त हो रही है। जांच आयोग का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, इसलिए राज्य शासन ने आयोग के कार्यकाल में 13 जून 2025 से 12 अक्टूबर 2025 तक 4 माह की और वृद्धि की है।

## व्यायाम शिक्षक भी उतरे विरोध में, कहा- 6 वर्षों से भर्ती नहीं

■ मरीन ड्राइव से आंबेडकर चौक तक पैदल यात्रा कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों के विरोध के बीच व्यायाम शिक्षक भी विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रदेश में व्यायाम शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती की जाए। शुक्रवार को दोपहर मरीन ड्राइव से आंबेडकर चौक तक रैली निकालकर व्यायाम शिक्षकों सहित खिलाड़ियों ने अपना रोष प्रकट किया।

शारीरिक शिक्षक संघ का कहना है कि पिछले 6 वर्षों से व्यायाम शिक्षक की भर्ती नहीं की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में शारीरिक शिक्षा अनिवार्य है। प्रदेश में 20 हजार से अधिक प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय हैं। प्रत्येक विद्यालय में कम से कम एक खेल शिक्षक अनिवार्यतः होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है।

#### सहायक शिक्षक दे रहे व्यायाम शिक्षा

उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में 2023 के आंकड़े अनुसार, व्यायाम शिक्षकों के 948 पद रिक्त हैं। नई भर्तियां निकाले जाने के साथ ही इन पदों भी भर्ती की जाए। वर्तमान में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर व्यायाम शिक्षा विषय पढ़ाने के लिए सहायक शिक्षकों को दिए जा रहे ऑनलाइन ट्रेनिंग को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। इसके स्थान पर व्यायाम शिक्षकों की बहाली की जाए। शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा का कहना है कि व्यायाम शिक्षकों की भर्ती नहीं किए जाने के कारण खिलाड़ी छात्रों का हौसला टूट रहा है।

## नौ जिलों के किसानों का दुखड़ा

# फसल बीमा की राशि नहीं, मंडी में बेचने पर एमएसपी नहीं, खाद-बीज महंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के किसानों को किस तरह की परेशानियां हैं, यह बात खुद राज्य के नौ जिलों के किसानों ने आईसीएआर-एनआईबीएसएम रायपुर से जुड़े वैज्ञानिकों को बताई है। वैज्ञानिकों ने रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, बालोद, धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद, गरियाबंद और बलौदा बाजार जिलों के गांवों में जाकर किसानों से मिलकर उनकी मुख्य समस्याएं जानी।

किसानों ने इस अवसर पर फसल बीमा राशि न मिलना, मृदा की घटती उपज क्षमता, जल स्रोतों की कमी, कीट एवं रोग नियंत्रण में कठिनाइयां, महंगे बीज और खाद की उपलब्धता, मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य न मिलना, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा तकनीकी जानकारी की कमी जैसी समस्याओं को उठाया। किसानों की इन चिंताओं पर गहराई से विचार-विमर्श करते हुए वैज्ञानिकों ने उन्हें त्वरित और व्यवहारिक समाधान प्रदान किए।

#### इन वैज्ञानिकों ने किसानों से की बात

आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान रायपुर के निदेशक डॉ. पीके राय के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की एक टीम ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में दौरा करते हुए किसानों से सीधा संवाद किया। इस टीम में डॉ. आरके मुरली बास्करन, डॉ. केसी शर्मा, डॉ. एसके जैन, डॉ. लता जैन, डॉ. श्रीधर जे., डॉ. ललित लक्ष्मण खरबिकर, डॉ. योगेश येले, डॉ. श्रावणी सान्याल और डॉ. प्रियांका मीणा शामिल थे।

#### कृषि में डिजिटल तरीके अपनाएं

डिजिटल कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए कि वे मोबाइल ऐप्स के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान, फसल निगरानी और मंडी भाव की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। खेतों में ब्लूटूथ-संचालित मिट्टी सेंसर, स्मार्ट हार्वेस्टर मॉनिटरिंग डिवाइस और ड्रोन जैसी तकनीकों का उपयोग कर फसल की सेहत और उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। इस दौरान किसानों को यह भी समझाया गया कि सिंचाई तालिका निर्धारित करने के लिए कौन से एल्गोरिदम और डेटा स्रोतों का उपयोग करना चाहिए, ताकि जल का संतुलित उपयोग हो और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।



■ विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद

■ आईसीएआर-एनआईबीएसएम से जुड़े वैज्ञानिकों ने सलाह भी दी

#### किसानों को दी गई ये सलाह

इस दौरान वैज्ञानिकों ने प्रेसिजन फार्मिंग की जरूरत पर जोर देते हुए बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता एवं नमी का सटीक आकलन कर खेतों में ड्रोन आधारित सर्वेक्षण व पोषण प्रबंधन से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। स्मार्ट एग्रीकल्चर के अंतर्गत उन्होंने बताया कि मोबाइल ऐप्स और आईओटी सेंसर से खेतों में रियल टाइम मिट्टी का पोषण स्तर, कीट-रोग की स्थिति और मौसम आधारित सलाह प्राप्त की जा सकती है, जिससे किसान अपने निर्णय समय पर ले सकें।

#### अपनाएं दलहन तिलहन और मिश्रित खेती

फसल विविधीकरण की दिशा में किसानों को दलहन, तिलहन तथा दलहन-तिलहन मिश्रित खेती अपनाने के सुझाव दिए गए, जिससे मोनोकल्चर की बजाय भूमि की उर्वरता में सुधार और आय में स्थिरता लाई जा सके। कीट प्रबंधन के जैविक उपायों में उन्होंने ट्रैप क्रॉपिंग की तकनीक, नीम आधारित घोलों के निर्माण व उपयोग की विधि और खेत स्तर पर जैविक कीटनाशकों के निर्माण की प्रक्रिया साझा की, जिससे किसान रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर टिकाऊ खेती अपना सकें।

## विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ ने सहायक ग्रेड की सीधी भर्ती का किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ ने सहायक ग्रेड के पदों पर सीधी भर्ती संबंधी नियम का विरोध किया है। इसे लेकर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा है।

संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि विधि मंत्रालय के सेवा नियम में सहायक ग्रेड का 25 प्रतिशत पद पर सीधी भर्ती से किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिस पर संघ ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विधि स्नातकधारी अधिकारियों की पूर्ति के लिए सीधी भर्ती के पदों में आने वाले विधि स्नातक योग्यताधारी और न्यायिक सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों से किए जाने के विकल्प खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि सीधी भर्ती से कर्मचारियों की वरिष्ठता और पदोन्नति पर प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण कर्मचारियों में निराशा उत्पन्न होगी। इसका असर शासकीय कार्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से तथा विभिन्न संघ के माध्यम से सीधी भर्ती पर विरोध जताया है। उन्होंने कि सामान्य प्रशासन विभाग ने भी मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय का संदर्भ देकर इस प्रस्ताव को अस्वीकृत किया है। इसे देखते हुए संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से सीधी भर्ती का प्रावधान नहीं किए जाने की मांग की है।

■ मुख्यमंत्री के नाम से प्रमुख सचिव को सौंपा ज्ञापन

## युक्तियुक्तकरण में भारी अनियमितता कांग्रेस का आरोप- हो रहा खेल पर खेल

■ पार्टी नेताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया के दौरान कई तरह के खेल हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के कांग्रेस नेताओं ने स्कूल शिक्षा विभाग में की जा रही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर भारी अनियमितता के आरोप लगाए हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस प्रक्रिया के दौरान कई तरह के खेल हो रहे हैं। सारे कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी की जा रही है। यह बात कांग्रेस की एक प्रेस कांफ्रेंस में कही गई है। पूर्व सांसद छाया वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, शिव सिंह ठाकुर ने कांफ्रेंस को संबोधित किया। पार्टी का कहना है कि इन अनियमितताओं को दूर नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि युक्तियुक्तकरण के दौरान चहेतों को बचाने का खेल किया जा रहा है, स्कूल से अतिशेष में विषय के आधार पर पोस्टिंग में विषय को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। एक से लेकर 3 माह में रिटायर होने वाले शिक्षकों का भी ट्रांसफर किया जा रहा है। चहेतों को बचाने 2 दिन पहले संकुल सम्यक बनाने आदेश निकाले गए हैं। साय सरकार में भारी अनियमितता के तहत युक्तियुक्तकरण का कार्य चल रहा है, जहां सभी नियमों को ताक पर रख कर मनमानी करने उतारू है। कांग्रेस ने ये आरोप भी लगाया है कि रायपुर जिले में आज युक्तियुक्तकरण का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसमें सारे कानून ताक पर रख कर मनमानी करते हुए गोपनीय तरीके से 24 घंटे पहले अतिशेष की सूचना लिस्ट निकाली है। काउंसिलिंग स्थल पर ही आदेश की कापी दे रहे हैं, जगह कहां खाली है, उसे भी गुप्त रखे हैं। कुछ शिक्षक जिनकी सेवानिवृति जून, जुलाई एवं सितंबर में है, जैसे चंदन पटेल बोरिया कला, कविता मंडल, रेखा महिलांगेय, सभी की सेवानिवृत तत्काल 2 महीने में होनी है, इसके बावजूद इन शिक्षकों को अतिशेष में भेज दिया गया है। दोंदेखुर्द में 3 विज्ञान शिक्षक अतिशेष में निकल गए, हेडमास्टर का जुलाई में रिटायरमेंट है, आरंग ब्लॉक में अतिशेष से बचाने 3 शिक्षकों को संकुल समन्वयक 2 दिन पहले आदेश निकाल कर बचाने का खेल कर गए।

#### पसंद के लोगों को बचा रहे हैं

कांग्रेस ने ये आरोप भी लगाया है कि बिना जांच किए वरिष्ठों को अतिशेष में ले लिया गया है, जबकि जूनियर अतिशेष में रह गए, जो भाजपा के पसन्द है, उसे युक्तियुक्त करण से मुक्त रखा गया है, जो सूची बनी है पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण है। मन माफिक लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी गलत वरिष्ठता सूची के कारण काउंसिलिंग स्थल पर ही लगभग सैकड़ों की संख्या में आवेदन आए, जिसे सुधारने में ही पूरा दिन बीत गया। 5 तारीख को काउंसिलिंग का समय 11 बजे सुबह दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि वरिष्ठता की गणना जांच कर की जाए। विषयवार अतिशेष है, उसे विषयवार रिक्त जगहों पर युक्तियुक्तकरण किया जाए, जिससे नई जगह में जाने के बाद पुनः विषय में अतिशेष न हो पाए।

## पार्सल बदलकर 20 हजार डॉलर चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** देवेंद्र नगर तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने विदेशी मुद्रा के कारोबार करने वाले एक कारोबारी के 20 हजार डॉलर का पार्सल बदली कर चोरी करने के आरोप में मुद्रा कारोबारी के कर्मी तथा टूर एंड ट्रैवल्स में काम करने वाले कर्मी को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की रकम बरामद कर ली है। जब्त डॉलर की कीमत 17 लाख 30 हजार रुपए है। पार्सल बदलकर डॉलर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने पंडरी, मोवा निवासी साहिल गोधवानी, आयरिश जुनैद को गिरफ्तार किया है। नरुल हुसैन फरार है। सतीश जादवानी ने पार्सल बदली होने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सतीश ने पुलिस को बताया है की बुधवार को उसने डॉलर लिफाफा में भरकर बस के माध्यम से नागपुर भेजा था। दूसरे दिन नागपुर से उसे कॉल कर पार्सल बदली होने की जानकारी मिली। इसके बाद सतीश ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस ने बीके ट्रैवल्स में लगे सीटीवी कैमरों की जांच कर सतीश के यहां काम करने वाले कर्मियों से पूछताछ की। पूछताछ में साहिल बार-बार बयान बदल रहा।





■ टूर एंड ट्रैवल्स के कर्मी के साथ मिलकर रची थी साजिश


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


## जीएसटी बार एसो. के संजय अध्यक्ष, प्रवीण सचिव

**रायपुर।** जीएसटी बार एसोसिएशन रायपुर की शुक्रवार को वार्षिक आमसभा हुई। आमसभा में जीएसटी बार एसोसिएशन के सचिव अखिलेश अवधिया ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष यूसुफ दाउदी ने पेश किया। अध्यक्ष महेश शर्मा के उद्बोधन के बाद नए सदस्यों का स्वागत किया गया।





एसोसिएशन के स्टडी सर्किल एवं सेमिनार के वक्ताओं का मोमेंटो द्वारा आभार व्यक्त करने के बाद आगामी वर्ष के लिए चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी डीआर लड्ढा, ललित बांठिया और सुरेश जैन को नियुक्त किया गया। साथ ही आमसभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निम्न पदाधिकारी मनोनीत किए गए जिनके नाम इस प्रकार हैं- अध्यक्ष संजय कंदोई, उपाध्यक्ष मनीष बजाज एवं भाविक शाह, सचिव प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए मौहम्मद यूसुफ दाऊदी, सह सचिव दीपक कामटकर एवं वरुण माहेश्वरी, प्रचार सचिव गोपी चंद लालवानी।


### बिजनेस साइट

## रायपुर में 'तन्वी लूम्स' साड़ी शोरूम का भव्य शुभारंभ, पारंपरिक साड़ियों का अनूठा संग्रह

**रायपुर।** पारंपरिक परिधानों को समर्पित मध्यभारत के पहले एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम 'तन्वी लूम्स' का भव्य शुभारंभ राजधानी के शंकर नगर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहीं।

तन्वी लूम्स केवल एक शोरूम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का एक प्रयास है। शोरूम में साउथ कॉटन, सिल्क कॉटन, टसर, सेमी सिल्क, कल्याणी कॉटन, कलमकारी, पोचमपल्ली, इकत, केरला साड़ी, कोटा सिल्क, मैसूर सिल्क, सॉफ्ट सिल्क और ऑर्गेन्ज़ा जैसे वस्त्रों का विस्तृत और उत्कृष्ट संग्रह उपलब्ध है। शोरूम की टैगलाइन 'क्लोथिंग दैट स्पीक्स हेरिटेज' इस बात को दर्शाती है कि यहां की हर साड़ी एक कहानी बुनती है कारीगरों की मेहनत, परंपरा की झलक और आधुनिकता की छाप। शोरूम प्रबंधन के अनुसार,



तन्वी लूम्स का उद्देश्य केवल परिधान बेचना नहीं, बल्कि हर महिला को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। ग्राहक सुविधाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित स्टाफ, सहज वातावरण, विशेष ऑफर्स और सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) के माध्यम से नियमित अपडेट्स की व्यवस्था की गई है।








हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 7 जून 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

- सीसीपीएल के दूसरे सीजन में भी दिखा आईपीएल जैसा उत्साह
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन की धमाकेदार ओपनिंग सेरेमनी

**लाइव इवेंट**

## मीडिया-जनसंचार विषय पर मार्गदर्शन शिविर कल



**रायपुर**। मीडिया एवं जनसंचार विषय पर एक दिवसीय शिविर का अयोजन किया जा रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय तथा रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 8 जून को रायपुर प्रेस क्लब में सुबह 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है। शिविर के संयोजक डॉ. राजेंद्र मोहंती ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जनसंचार शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर मार्गदर्शन के माध्यम से यह पहल किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य संचार जगत के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ में मीडिया एवं जनसंचार विषयों के प्रति जनजागृति बढ़ाना, जनसंचार के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसरों की जानकारी देना एवं विद्यार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन किया जाना है।

### संस्थानों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी

रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि संचार के क्षेत्र में आज अपार संभावनाएं हैं और जनसामान्य में इस विधा को लेकर जानकारी उतनी नहीं है, जिससे लोग जागरूक हो सकें और अपने भविष्य के लिए इस क्षेत्र को विकल्प के रूप में शामिल कर सकें, इसीलिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शिविर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मीडिया क्षेत्र में रोजगार और कॅरियर के अवसर, प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही इस शिविर के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेस क्लब रायपुर से प्रत्यक्ष संवाद का भी अवसर मिलेगा। इस मार्गदर्शन शिविर में संचार जगत में रुचि रखने वाले विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं मीडिया विशेषज्ञ शामिल हो सकते हैं।



# चौके-छक्कों से पहले जश्न में डूबा स्टेडियम

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की ओर से आईपीएल की तर्ज पर आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन की शुरुआत शुक्रवार को शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर में हुई। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शाल्मली खोलगड़े ने अपनी दिलकश आवाजों से दर्शकों समेत खिलाड़ियों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। राजधानी में दूसरे साल भी सीसीपीएल को लेकर भी दर्शकों में आईपीएल जैसा उत्साह नजर आया। हजारों की संख्या में दर्शक यहां पहुंचे थे। सिंगर शाल्मली की प्रस्तुति देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक शाम के वक्त स्टेडियम पहुंच गए थे।







सीसीपीएल के धमाकेदार आगाज ने जीत लिया दिल

**रायपुर**। अंतर्राष्ट्रीय मैच की तरह स्टेडियम को लाइट से सजाया गया था। शाम को अंधेरा होते ही पूरा स्टेडियम आकर्षक लाइट से रोशन हो गया। इसके बाद सिंगर शाल्मली ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। प्रस्तुति के बाद उद्घाटन मैच में रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच भिड़ंत हुई। दोनों टीमों का मैच दर्शकों ने पूरा देखा, साथ ही अपने पंसदीदा खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ाया। बता दें कि पूरा मैच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के नियमों अनुसार हुआ। बैट की चौड़ाई भी अंपायर ने जांच की। पहले बार खिलाड़ी ने अंपायर के फैसलों को चुनौती दी।

### कैच पकड़ने स्टेडियम में उमड़ी भीड़

सीसीपीएल में पहले दिन उमड़ी भीड़ ने हर चौके और छक्के पर शोर मचाया। शाम को हजारों की भीड़ ने मैच का माहौल ही बदल दिया। क्रिकेट संघ की ओर कैच पकड़ने वालों को इनाम देने की घोषणा की गई थी। मैच में इसका उत्साह भी देखने को मिला। जैसे ही बॉल दर्शक की ओर पहुंचती, हर कोई कैच को पकड़ने में जुट जाता। स्टेडियम में कई खिलाड़ी टीम की टी-शर्ट पहने हुए थे। रात 12 बजे तक चले इस मैच का लोगों ने जमकर आनंद लिया। हर चौके और छक्कों पर दर्शकों ने जमकर शोर मचाया।

### झूमे जो पठान.. स्टेडियम में झूम उठे दर्शक

*बॉलीवुड सिंगर शाल्मली खोलगड़े ने मैं परेशान.., सौदा खरा खरा, झूमे जो पठान जैसे गानों की प्रस्तुति से मंच पर धूम मचाई और तालियों की गड़गड़ाहट पूरे स्टेडियम में सुनाई देती रही। इस दौरान शाल्मली ने रीमिक्स गानों व लव और डीजे पार्टी सांग से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्टेडियम में दर्शकों ने लाइव प्रस्तुति पर जमकर डांस किया। एक घंटे तक चले कार्यक्रम में सिंगर ने पंजाबी और हिंदी गानों से सभी को खुद नचाया। हल्ला मचाये रे.., बलम पिचकारी.., हो गई तेरी बल्ले-बल्ले गानों पर दर्शकों का जोश दोगुना हो गया। एक दर्जन से अधिक गानों की प्रस्तुति से धमाल मचा दिया।*



### छह टीमें ले रही हैं भाग

उद्घाटन समारोह में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सीएससीएस के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष प्रवतेज सिंह भाटिया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। लीग में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें बस्तर बायसन, रायगढ़ लायंस, राजनांदगांव पैंथर्स और सरगुजा टाइगर्स शामिल हैं।









### शशांक की बल्लेबाजी ने बढ़ाया उत्साह

पहले मैच में ही दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। आईपीएल में पंजाब किंग्स और छत्तीसगढ़ के स्टॉर खिलाड़ी शशांक सिंह की बल्लेबाजी का क्रेज भी सीसीपीएल में भी नजर आया। आईपीएल की फाइनल में शानदार पारी के बाद बिलासपुर बुल्स के कप्तान शशांक सिंह ने धमाकेदार प्रदर्शन से दर्शकों को स्टेडियम में बैठे रहने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने मैच में 25 बॉल में 41 रनों की पारी खेली, जिसमें 1 चौका और 3 छक्के लगाए। वहीं रायनोज की टीम के कप्तान अमनदीप खरे ने भी छक्के और चौके से मैच में दर्शकों का उत्साह कम होने नहीं दिया। क्रिकेट प्रेमियों ने खूब एंजॉय किया।

**सिटी इवेंट**

## कैनवास पर बिखेरी रंगों की छटा प्रदर्शनी देखने पहुंचे कला प्रेमी



**रायपुर**। कई तरह की विधाओं से सजाए गए कैनवास पर कलाकारों ने रंगों की ऐसी छटा बिखेरी, जिसे देखने के लिए शहर के कला प्रेमियों का रुझान भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को मैग्नेटो द माल में कला महोत्सव की श्रृंखला में सजाई गई। 50 युवा कलाकारों द्वारा तैयार की गई कृतियों का मेला इस कैनवास कॉर्निवल में रंगों, कल्पनाओं व रचनात्मकता से भरा हुआ है। कार्निवल में शामिल रचनाओं को 8 जून तक प्रदर्शनी का हिस्सा बनाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर के कलाकार बतौर प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस बार मुख्य आकर्षण कलाकारों की अनोखी कलाकृतियों की प्रदर्शनी के साथ ही लाइव पेंटिंग व आर्ट वर्कशॉप है। कृतियों को देखने के लिए इंटरेक्टिव क्रिएटिव जोन तैयार किया है। इससे कलाप्रेमियों को अच्छा माहौल मिल रहा है।

### प्रतिभागियों को मंच देने का प्रयास

इस कार्निवल में विशेष भागीदारी प्रसिद्ध कलाकार प्रमोद साहू की है। इस आयोजन में वे भाग ले रहे हैं। अपने विद्यार्थियों के साथ युवा कलाकारों के बीच मौजूद रहेंगे। उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियां भी इस प्रदर्शनी में शामिल की गई हैं। यह साझेदारी आयोजन को और भी अधिक प्रेरणादायक और सीखने योग्य अनुभवी बना रही है। कैनवास कॉर्निवल की अनूठी पहल में युवा कलाकारों की सहभागिता ज्यादा है। जो कला को आम जनता के करीब लाने और प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच देने की दिशा में भी एक अहम कदम है।



### कला प्रेमियों को मिल रहा माहौल

शहर के सभी कला प्रेमियों के लिए यह एक यादगार अनुभव है। जहां उन्हें कला के बारे में जानने के साथ ही सीखने के लिए भी बेहतर अवसर मिल रहा है। मैग्नेटो मॉल में घूमने-फिरने और खरीदी के लिए पहुंच रहे कला प्रेमियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करने का भी अवसर मिल रहा है। अब शनिवार से कार्निवाल में लाइव पेंटिंग की बारीकियां जानने को मिलेंगी। इसके लिए एक्सपर्ट कलाकार युवाओं के बीच होंगे। जो उन्हें रंगों के सही संतुलन की सटीक जानकारी देंगे। साथ ही कृतियों को बेहतर बनाने की कला सिखाएंगे।

**कार्नर न्यूज**

# सिटी यूथ में बॉडी फिटनेस के साथ टैटू कॉम्बिनेशन, हॉलीवुड बॉलीवुड सेलिब्रिटी और स्पोर्ट्स पर्सन दिखने का बढ़ा क्रेज

**रायपुर**। शहर के युवा पर्सनॉलिटी लुक, फिटनेस व फैशन को लेकर तेजी से खुद को अपडेट कर रहे हैं। जहां जिम व योगा से शारीरिक सुदृढ़ता ला रहे हैं, वहीं कुछ अलग व आकर्षक दिखने फुल बॉडी टैटू डिजाइन बनवा रहे हैं, ताकि उन्हें हालीवुड एक्टर्स, क्रिकेट खिलाड़ियों जैसा लुक मिल सके। गौरतलब है कि आज के साउथ, हिंदी व हॉलीवुड फिल्मों में एक्टर्स आकर्षक सिक्स पैक बॉडी फिटनेस के ऊपर फुल बॉडी टैटू डिजाइन के साथ धमाकेदार एंट्री कर रहे हैं। यही बात यूथ को भा गई है और वे शहर के टैटू डिजाइनर्स से अपने फेवरेट एक्टर व स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के जैसे फुल बॉडी टैटू डिजाइन करा रहे हैं। शहर के टैटृ आर्टिस्ट विजय ने बताया कि पिछले 2 से 3 सालों में शहर के युवाओं में फुल बॉडी टैटू डिजाइन का क्रेज बढ़ा है। वहीं गर्ल्स भी लड़कों से पीछे नहीं हैं, वे भी ज्वेलरी स्टाइल में टैटू डिजाइन, नेम राइटिंग करा रही हैं। छोटे टैटू 2-4 इंच 15 सौ से 5 हजार रुपए तक, मध्यम साइज टैटू 5-7 इंच का चार्ज 5 से 10 हजार रुपए के बीच होता है। वहीं फुल बॉडी टैटू यानी 8 इंच और उससे अधिक बड़ी डिजाइन की कीमत 20,000 से ज्यादा टैटू आर्टिस्ट चार्ज कर रहे हैं।







### आज के फैशन का अहम हिस्सा बना

टैटू डिजाइन युवाओं में बेहद तेजी से फैशन का अहम हिस्सा बन गया है। गर्ल्स हाथों में ब्रेसलेट, पैरों में पायल की जगह, तरह-तरह की डिजाइन का टैटू बनवा रही हैं। प्री-वेडिंग व सगाई पर कपल्स अपने होने वाले जीवनसाथी के नाम का टैटू लिखवाने लगे हैं। गोदना पैटर्न में भी टैटू डिजाइन बनने लगे हैं। यूथ में अलग-अलग फैशन आइटम में लगातार हो रहे परिवर्तन के लिहाज से टैटू आज के युवाओं के लिए फैंशन का अहम हिस्सा बना गया है।

### ये टैटू डिजाइन भी डिमांड में

शहर के टैटू आर्टिस्टों का कहना है कि लोग टैटू के माध्यम से ज्यादातर निशानों के साथ अपना या भगवान का नाम बनवाते हैं, लेकिन अब लाइफ स्टाइल के साथ-साथ टैटू की डिजाइन, आकार, प्रकार सब बनाए जा रहे हैं। ये युवाओं के मन को भा रहे हैं। टैटू डिजाइनर विजय ने बताया कि अधिकतर लोग तितली, फूल, डमरू, शिव, त्रिशूल अपने जीवनसाथी या बच्चों के नाम का टैटू बनवाना पसंद कर रहे हैं। लोगों के स्वभाव, स्टाइल और जरूरतों को समझते हुए उसी हिसाब से टैटू बनवाने की सलाह देते हैं।

### एक्सपर्ट आर्टिस्ट से ही बनवाएं एवं सावधानी रखें

टैटू बनवाने के बाद समस्या होने से बचने के लिए उचित देखभाल करना बहुत जरूरी है। टैटू को साफ और मॉइस्चराइज रखें और टैटू ठीक होने तक धूप, पानी और कपड़ों से बचाएं। यदि टैटू ठीक होने के दौरान कोई परेशानी हो तो डॉक्टर से सलाह लें। इन सब के अलावा टैटू एक्सपर्ट डिजाइनर से ही लिखवाएं, ताकि टैटू स्याही का उचित प्रयोग व मार्गदर्शन मिल सके।

सिटी लाइव

# शिक्षा संस्कृति उत्थान का हिंदी शिक्षा को बढ़ावा देने अभियान



रायपुर। देश के सभी राज्यों में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के मार्गदर्शन में हिंदी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाठ्यक्रमों में न्यास से वैचारिक मंथन के बाद ही नए विषयों को शामिल किया जा रहा है। यह पहल न्यास की स्थापना के बाद शुरू की गई है। इसी कड़ी में पूर्व में 5 वर्ष के लिए तय बिंदुओं की समीक्षा के साथ अब आगामी 5 वर्ष में जिन-जिन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाना है ,उनको तय करने के लिए अलग-अलग राज्यों में चर्चा के लिए बैठकों का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में 25 से 27 जुलाई तक केरल में चिंतन बैठक होगी। शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने यह जानकारी दी।

## समाज के बीच ले जाएंगे संकल्प पत्र

प्रांत संयोजक दिलीप केशरवानी और डॉ. प्रफुल्ल शर्मा राष्ट्रीय सचिव श्री कोठारी के साथ शामिल हुए। उन्होंने बताया कि अभी 8 विषयों पर आधारित संकल्प पत्र को समाज के बीच ले जाने के लिए न्यास के स्थापना दिवस 2 जुलाई से 17 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा। संकल्प पत्र आत्मनिर्भर भारत,परंपरा भारतीय ज्ञान, निजी शिक्षण संस्थानों की भूमिका, शिक्षा में शासन प्रशासन की भूमिका आदि विषयों पर सर्व सहमति से संकल्प पत्र पारित किए गए थे। उनको लागू करने के लिए प्रयास चल रहा है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव शुरू

# आम की पांच गुठलियों के बदले बांटा एक पौधा, शौकीनों के लिए शर्बत, पना, जैम व मिठाई का स्वाद, आम के 1200 सैंपल प्रदर्शित

आम का सीजन जाने से पहले आम प्रेमियों ने राष्ट्रीय आम महोत्सव में इसकी अलग-अगल किस्म का दीदार किया। आम के शौकीनों ने इसके शर्बत, पना, अचार, चटनी, आम पापड़, आम रस, जैम एवं मिठाई आदि व्यंजनों का खूब स्वाद लिया। बता दें कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन, प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसका शुक्रवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कैंपस में दोपहर 12 बजे से शुभारंभ हुआ।

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय नैय्यर ने आम महोत्सव से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए बताया कि आम महोत्सव के पहले दिन देशभर से करीब 450 आम उत्पादक किसानों ने अपने 1200 आम के सैंपल के साथ पंजीयन कराया है। एक किसान अपने आम के किस्मों के 5 से 10 सैंपल पंजीयन करा रहे हैं। इसके अलावा आम के उत्पाद बनाने व विक्रय करने वाले उद्यमियों ने शर्बत, पना, आम के अचार, आम की चटनी, आम पापड़, आमरस, जैम एवं मिठाई आदि का प्रदर्शनी लगाई है। वहीं आम के खेती से जुड़े विशेषज्ञों ने आम आधारित मॉडल एवं बोनसाई प्रदर्शित किया है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रतिभागियों के साथ राष्ट्रीय आम महोत्सव में बड़ी संख्या में आमप्रेमी भी पहुंचे हैं। पूरे आम महोत्सव में आम के शौकीनों के लिए विविध किस्म के आम आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं महोत्सव में प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा आम के पांच गुठलियां लेकर पहुंच रहे आम प्रेमियों को उन्नत किस्म के एक आम पेड़ भेंट स्वरूप दिया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में हर साल की तरह इस साल भी प्रतिभागी किसानों, उद्यमियों व आम प्रेमी शिरकत करने पहुंचे हुए हैं।



आकर्षण का केंद्र बन रहे देशी-विदेशी किस्म के आम

राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की चार श्रेणी, पहली व्यावसायिक किस्मों के अंतर्गत दशहरी, लंगड़ा, बॉम्बे ग्रीन, चौसा, मालदा, हिमसागर, सुंदरजा, केसर, अलफांसो, तोता परी, नीलम, बैगनफल्ली, पैरी, सिंदूरी, फजली किस्मों की प्रतियोगिता, दूसरी, संकर किस्मों की प्रतियोगिता के अंतर्गत मल्लिका, आम्रपाली, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, रत्ना, सिंधु, अर्का किस्मों के आम की प्रतियोगिता, तीसरी विशिष्ट किस्मों में हाथीझूल, नूरजहां, लड्डू, गुलाब खास किस्मों के आम उत्पादक किसानों ने भाग लिया। एक्जोटिक आयातित किस्म की प्रतियोगिता में मियाजाकी, टॉमी एटकिन्स एवं गोल्डन नगेट्स किस्मों को शामिल किया गया।



### आम प्रेमियों में दिखा उत्साह

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कृषि विश्वविद्यालय तथा राज्य शासन के संचालनालय उद्यानिकी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आम महोत्सव में पहुंचे बच्चे-बड़े सभी ने आम व उससे बने व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। वहीं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी आम का स्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदार बने।



### उत्कृष्ट प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण एवं उनका सम्मान समारोह आयोजित की गई है। इससे आम की किसानी व व्यापार से जुड़े उत्कृष्ट व नए कृषकों व व्यापारियों को प्रेरित किया जा सके। इस आयोजन से नागरिकों, महिलाओं, विद्यार्थियों, नवउद्यमियों एवं कृषकों को आगे लाने में मदद मिलेगी।



### आज आम की खेती के गुर बताएंगे वैज्ञानिक

प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी विक्रय के लिए रखे गए हैं। द्वितीय दिवस आज आम की खेती करने वाले कृषकों के लिए 12 बजे से 4 बजे तक आम उत्पादन समस्या एवं समाधान विषय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर आकृष्ट हो सकें। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी। तृतीय दिवस 8 जून को आम उत्पादक कृषकों एवं उद्यामियों की सफलता की कहानी उन्हीं की जुबानी 12 से 4 बजे तक आयोजित होगी।



सिटी इवेंट

# देश के पहले डायसिस कोर्ट और नए रूम का लोकार्पण



रायपुर। छत्तीसगढ़ डायसिस के लिए विश्व पर्यावरण दिवस बेहद खास रहा। इस मौके पर रायपुर में देश के पहले डायसिस कोर्ट और पास्ट्रेट के नए कोर्ट रूम का लोकार्पण बिशप डॉ. सुषमा कुमार और सचिव नितिन लारेंस ने किया। वहीं कोषाध्यक्ष जयदीप राबिन्सन ने प्रार्थना की। उन्होंने सालेम स्कूल की एसी प्राइमरी विंग और नवनिर्मित विशाल मंच का भी लोकार्पण किया। इस मंच को अहिल्या देवी होल्कर के नाम समर्पित किया है। कोर्ट रूम का उपयोग डायसिस एवं रायपुर के पास्ट्रेट कोर्ट कर सकेंगे। बिशप डॉ. कुमार व सचिव लारेंस, पादरी और प्राचार्या सालेम स्कूल रूपिका लॉरेंस तथा चर्चों के प्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। पर्यावरणविद संरक्षण प्रमुख नीलम सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया।

## पुण्यतिथि पर आत्मशांति के लिए प्रार्थना

प्लास्टिक के उपयोग से बचने की सीख बच्चों और शिक्षकों को दी। जल संरक्षण और जंगल बचाने तथा पेड़ लगाने का संकल्प लेने को कहा। सालेम स्कूल की नई विंग और विशाल स्टेज का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ी कलाकार अप्पी राजा, राकेश शर्मा, निशा शर्मा,अब्दुल राजिक ने कार्यक्रम पेश किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ डायसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन द्वारा किया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी वेलकम डांस पेश किया गया। सीएनआई के वरिष्ठ स्व. पादरी पॉल प्रियनाथ की 5वीं पुण्यतिथि पर आत्मशांति के लिए बिशप डॉ. सुषमा कुमार ने डायसिस ऑफिस, सालेम स्कूल में पादरी असीम विक्रम ने प्रार्थना की।

# इंडोर प्लांट सैन्सेविरिया, एलोवेरा, एरेका पाम, मनी प्लांट, लिली में भी ऑक्सीजन

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया ऑक्सीजन का महत्व

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता महिला आयोग नई दिल्ली की अध्यक्ष विजया राहटकर उपस्थित रहीं। यह आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज सभागार में किया गया। जहां महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि यहां पहुंचकर अपनों का अहसास हो रहा है, मंडल का कार्य सराहनीय है, जो सामाजिक स्तर पर समाज को नई दिशा की ओर ले जा रहा है। मंडल व उनके सदस्य अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, ममता कुमारी उपस्थित रहीं।





### समुद्र में जमी काई से भी मिलता है ऑक्सीजन

विश्व पर्यावरण के अवसर पर सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से पूर्व प्राध्यापक डॉ. जेएस उरकुरकर उपस्थित रहे। उन्होंने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा, 20 प्रतिशत ऑक्सीजन पेड़ और 80 फीसदी समुद्र से मिलती है। समुद्र में जमी काई से भी ऑक्सीजन मिलती है। वर्तमान में मनुष्य प्लास्टिक वेस्ट को नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंचा रहे हैं, इस पर जल्द ही रोक लगानी चाहिए। कोरोनाकाल में व्यक्तियों ने ऑक्सीजन की अहमियत को जाना। घर पर ऑक्सीजन देने वाले इंडोर प्लांट लगाए, जैसे सैन्सेविरिया, एलोवेरा, एरेका पाम, मनी प्लांट, लिली और जरबेरा के पौधे। ये सभी पौधे ऑक्सीजन देने का कार्य करते हैं। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन और मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# समर कैंप में स्कूली छात्रों ने बीएमआई कैल्कुलेटर, टू डू लिस्ट मोबाइल एप बनाया



रायपुर। छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा चार दिवसीय मोबाइल एप डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जहां स्कूली छात्रों को मोबाइल एप से संबंधित तकनीकी एवं डिजाइन सिद्धांतों से अवगत कराया गया। दो पाली में संचालित समर कैंप में 80 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, शुक्रवार को एप टेस्टिंग, डिबगिंग और गूगल प्ले स्टोर पर एप प्रकाशित करने की बुनियादी समझ बढ़ाई गई। इस मौके पर छात्रों ने स्वयं एप डिजाइन किया, जिसे बीएमआई कैल्कुलेटर, टू डू लिस्ट नाम दिया गया। छात्रों की रचनात्मक शैली की बढ़ाने एवं नवाचार सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया।

### स्कूली छात्रों ने बनाया मोबाइल एप



प्रशिक्षण साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एसकर्मकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने कैंप के शुरुआत में मोबाइल एप संबंधित जानकारी से विद्यार्थियों का ध्यान केंद्रित किया। साथ ही समर कैंप से होने वाले फायदे को भी बताया है। पहली पाली में डॉ. नचिकेत तापस एवं शेषनारायण साहू सीएसवीटीयू भिलाई से व्याख्याता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने फ्लटर और डार्ट जैसे आधुनिक तकनीकों का परिचय दिया। इसमें मोबाइल एप की संरचना, यूआई विकास, स्टेट मैनेजमेंट की जानकारी दी गई। दूसरी पाली में रविवि से कंप्यूटर साइंस एंड आईटी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार व्याख्याता के रूप में मौजूद रहे, जिन्होंने वीएस कोड, एंड्राइड स्टूडियो की मदद से हेलो वल्ड एप बनाना सिखाया है।

# भगवान विष्णु-माता लक्ष्मी से सुख-समृद्धि की कामना, उपासकों ने किया निर्जला व्रत

रायपुर। इस दिन भक्त बिना अन्न और जल ग्रहण किए व्रत करते हैं। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करते हुए उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। पंचांग के तहत ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि 6 जून की रात 2.15 बजे से शुरू होकर 7 जून को सुबह 4.47 बजे तक प्रभावी रहेगा। उदया काल में तिथि मान्य होने के कारण निर्जला एकादशी का व्रत उपासकों द्वारा शुक्रवार को किया गया। इस व्रत को करने वाली महिलाओं ने कई जगह समूह में पूजा करते हुए आराधना की। वहीं जिन भक्तों को इस तरह के आयोजनों का हिस्सा बनने का अवसर नहीं मिला, उन्होंने व्रत नियम का पालन करते हुए मंदिर में जाने के बाद वहां आराध्य देव की पूजा-अर्चना का विधान किया। इससे मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा।



### मंदिरों में पूजा-अर्चना करने पहुंचे लोग

धार्मिक मान्यता का पालन करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने वाले लोगों का मंदिरों में आना-जाना रहा। महामाया मंदिर, बंजारी धाम रावांभाठा सहित प्रमुख आस्था केंद्रों में व्रत का संकल्प लेने के बाद नियम का पालन करने वाले आराध्य देवी-देवता की आराधना के लिए मंदिरों में पहुंचे। कई लोगों ने पुजारियों के माध्यम से पूजा नियम किया तो ज्यादातर उपासक घर से पूजा सामग्री लेकर पहुंचे और पूजा करने के बाद व्रत खोलने की जानकारी लेने के बाद वापस लौटे।

### उपासक महिलाओं ने रसना व आम बांटे

निर्जला एकादशी पर महिला मंडल द्वारा अशोक रतन स्थित शिव मंदिर के सामने सुरक्षागार्ड के साथ ही कर्मचारियों और उनके बच्चों को रसना एवं 50 किलो आम का वितरण किया। इस संदर्भ में मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन संरक्षिका अनीता अग्रवाल एवं अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल की अगवाई में किया गया। इसमें संगठन की पदाधिकारी सारिका खेतान, पिंकी धनोदिया, सीता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, राखी खेतान, पद्मा अग्रवाल, ऊषा महेश्वरी, ऊषा श्रॉफ ने इस सेवा में योगदान दिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए राज्य से तीन खिलाड़ी चयनित



**रायपुर।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन तथा महाराष्ट्र बॉडी बिल्डिंग एशोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एशिया वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने भारतीय टीम का चयन ट्रायल 2 और 3 जून को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित हुआ।

जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के महिला खिलाड़ी आभा कुजूर (रायगढ़) का चयन वूमेंस वेलनेस फिजिक मॉडल में (एशिया एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप) एवं निशा भोयर (दुर्ग) अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेंस एथलेटिक्स फिजिक (एशिया एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप) सहित पुरुष खिलाड़ी मुकेश कुमार गुप्ता (कोरबा) का चयन स्पोर्ट्स फिजिक हेतु (वर्ल्ड चैंपियनशिप) हुआ है। इस चयन प्रतियोगिता में देश के कुल 185 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगियों में निर्णायक के रूप में अरविंद सिंह, महेंद्र टेकाम एवं बी राजशेखर राव ने हिस्सा लिया। राज्य के इतिहास में पहली बार तीन खिलाड़ियों का चयन अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलने हेतु हुआ है। इस उपलब्धि हेतु संघ के संरक्षक नवीन सिंह, अवधेश कुमार त्रिवेदी, संयोजक नवीन पटेल, कोषाध्यक्ष तुलसी सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, पी।सोलोमन, जुबेर, नाहिद अख्तर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष कुमार, देवेंद्र राठौर, हिरेंद्र क्षत्रिय, सुमीत इजारदार, अमित बंछोर, श्रीनू, जय वर्मा, द्वारका सुलाखे, संजय आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### राज्य स्तरीय स्पीड रोड रैंकिंग चैंपियनशिप 13 से



**रायपुर।** बिलासपुर जिला रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रथम राज्य स्तरीय स्पीड रोड रैंकिंग चैंपियनशिप 13 और 14 जून को बिलासपुर के रतनपुर रोड में खेली जायेगी। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने अपने जिले के स्केटिंग क्लब में संपर्क करते हुए स्पर्धा में हिस्सा ले सकते है।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कराटे खिलाड़ी चयनित



**भिलाई।** भिलाई के इस्पात क्लब से प्रशिक्षित 6 कराटे खिलाड़ियों में रजनी ओरण, बरखा ,प्रज्ञा बंजारे ,अन्नपूर्णा साहू ,खुशी जोशी ,पुष्पांजलि बंजारे का चयन चौथी कियो नेशनल कैडेट, जूनियर व सब-जूनियर कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जो 12 से 15 जून तक देहरादून में आयोजित है। ये खिलाड़ी कोच रमेश (वीर हनुमान सिंह पुरस्कार प्राप्त) एवं राजेश (पंकज विक्रम अवार्डी) के मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज से



**रायपुर।** 20 वी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम, स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई-बिलासपुर मे 7 से 9 जून तक किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी एवं अध्यक्ष मनोज भिवगड़े ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 7 जून को सायं 4:30 बजे नगर विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम बिलासपुर के महापौर श्रीमती पूजा विधानी करेंगी, अति विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत बिलासपुर के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी,विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह और डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव अरविन्द तिवारी आदि उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता मे 22 जिलों से 560 खिलाड़ियों एवं अधिकारी शामिल होंगे। तीन दिन की इस प्रतियोगिता मे आये हुये खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था साइंस कालेज मैदान स्थित नवीन कन्या छात्रावास मे की गई है। प्रतियोगिता स्थल पर ही सभी खिलाड़ियों एवं अधिकारीयो की भोजन व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर आपातकालीन चिकित्सा की भी व्यवस्था एवं सुरक्षा हेतु पुलिस बल एवं पेट्रोलिंग की भी व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हेतु किया जायेगा। प्रतियोगिता के सभी मैच इलेक्ट्रोनिक्स सेंसर सिस्टम से होगा। स्पर्धा चार आयु वर्ग सब जूनियर, कैडेट, जूनियर बालक/ बालिका एवं सीनियर महिला /पुरुष पर आधारित होंगी। इन खिलाड़ियों ने पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर भिलाई का नाम रोशन किया था।

## विटामिन बी-12 की कमी पूरी कर सकते हैं डाइट बदलकर

# शरीर में विटामिन बी-12 की कमी से होती है कई परेशानियां, सप्लीमेंट के बजाय डाइट में करें बदलाव

विटामिन बी-12 मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें।




### विटामिन बी-12 का महत्व

विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

### केला

केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है।



### चना



चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है।

### अंडे

अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0।6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं।

# शरीर में पानी की कमी पूरी करेंगे ड्रिंक्स, इन्हें बनाना बेहद आसान

मौसम को देखते हुए इन दिनों सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होजाता है, क्योंकि तेज धूप की वजह से शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। इसी के चलते डॉक्टर भी इस मौसम में ऐसी चीजों के सेवन की सलाह देते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करें। अक्सर लोगों को ये समझ नहीं आता कि वो क्या खाएं और क्या पीएं, जिससे शरीर दुरुस्त रहे। इसी के चलते हम आपको यहां कुछ ऐसे पेय पदार्थों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं।

### बेल का शरबत

यदि आप बेल सा शरबत पीते हैं तो ये आपके शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करती है। इससे पेट भी साफ रहता है और ये शरबत आपको लू से बचाकर रखेगा। इसे बनाने के लिए आपको बेल, शहद और पानी की जरूरत पड़ेगी।

### ऐसे करें तैयार

बेल का शरबत बनाने के लिए सबसे पहले तो बेल तोड़कर उसका गूदा निकालें। गूदा निकालने के बाद उसमें थोड़ा सा पानी डालकर मैश करें। अब इसमें शहद मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करें। आप चाहें तो शहद की जगह चीनी का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। आखिर में इसमें बर्फ डालकर ठंडा-ठंडा सर्व करें।

### छाछ

यदि गर्मी के मौसम में छाछ का सेवन किया जाए तो इससे पाचन सही रहता है। इसे बनाने के लिए आपको दही, नमक, भुना जीरा और पुदीना की जरूरत पड़ेगी।

### ऐसे करें तैयार

इसे बनाने के लिए सबसे पहले 1 कप दही में 2 कप पानी मिलाएं और इसे मिक्स करके



एकदम पतला कर लें। अब इसमें स्वाद अनुसार नमक, भुना जीरा और पुदीना डालें। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें और फिर इसका सेवन करें।

### तरबूज का जूस

शरीर को तत्काल हाइड्रेट करने के लिए तरबूज का जूस आपकी मदद करेगा। ये जूस एनर्जी देता है और थकान दूर करता है। इसको बनाने के लिए तरबूज, पुदीना, नींबू और नमक की जरूरत पड़ेगी।

# पूजा के तुरंत बाद हाथ नहीं धोने चाहिए,जानें क्या कहते हैं शास्त्र



पूजा पाठ करने के बाद कई सारे काम ऐसे होते हैं, जिन्हें हमें नहीं करना चाहिए। इससे हमारे घर की बरकत और हमारी पूजा का फल कम हो जाता है।


हिंदू धर्म में पूजा-पाठ को एक पवित्र क्रिया मानी जाती है। इसलिए हमारे घरों और मंदिरों में रोजाना पूजा की जाती है। इसके लिए हम कई सारी सामग्री भी लेकर आते हैं। जिसे अर्पित करके हम पूजा को संपन्न करते हैं। लेकिन कई बार हम गलती से कुछ ऐसे काम को कर लेते हैं, जिसे करने की मनाही हमारे शास्त्रों में भी होती है। पूजा के तुरंत बाद हैथ नहीं धोने चाहिए। यह हमारे घरों में अक्सर मना किया जाता है। आर्टिकल में बताते हैं ऐसा करने से क्या होता है।

### पूजा करते समय जोड़े जाते हैं हाथ

जब भी हम पूजा करते हैं, तो भगवान के सामने अपने हाथ जरूर जोड़ते हैं। ऐसे में हम अपनी पूजा के फल को भगवान से मांगते हैं। इससे हमारे हाथों में एक ऊर्जा आती है, जिससे हमारे अंदर उस समय सकारात्मक ऊर्जा होती है। ऐसे में हमारे बड़े कहते हैं कि हाथों को पूजा के बाद अपने पूरे शरीर में लगाना चाहिए। इससे आपको लाभ मिलता है। इसलिए पूजा के तुरंत बाद पानी से हाथ साफ नहीं करने चाहिए।

### श्रद्धा और आस्था का होता है भाव

शास्त्रों के अनुसार, पूजा के बाद थोड़ी देर तक उसकी पवित्रता को बनाए रखने के लिए आपको हाथों को पानी से नहीं धोना चाहिए। इससे आपके द्वारा की गई पूजा अधूरी रह जाती है। साथ ही, इसका फल आपको पूर्ण रूप से नहीं मिलता है। इसलिए आपको पूजा के तुरंत बाद हाथों को कभी नहीं धोना चाहिए।



### द्वितीय नेशनल एवं चौथी स्टेट पॉवर लिफ्टिंग 14 से

**रायपुर।** छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में चौथी स्टेट और द्वितीय नेशनल चैम्पियनशिप महिला-पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता लाखेनगर चौक स्थित ताम्रकार जिम में आयोजित है। छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता में 10200 स्ट्रांग मैन, 8400 स्ट्रांग मैन जूनियर, 6000 स्ट्रांग मैन सब जूनियर एवं मास्टर स्ट्रांग मैन को 3000 रुपए पुरस्कार मिलेगा। स्टेट चैंपियनशिप की प्रतियोगिता में केवल छग के ही खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि नेशनल चैंपियनशिप की प्रतियोगिता में देशभर के सभी राज्यों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे और कैश इनाम जीत सकेंगे। इसके अलावा आकर्षक मेडल और ट्रॉफी भी दी जाएगी। 14 जून को 55 किलो से 77 किलो एवं 15 जून को 85 किलो से 100 किलो से ऊपर की प्रतियोगिता होगी, 15 जून को ही समस्त महिलाओं की प्रतियोगिता होगी। समस्त प्रतियोगिता उपरांत मेडल और प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

### एशियन अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट का समापन, आज से होगी अंडर-16 की शुरुआत




**रायपुर।** इंटरनेशनल टेनिस अकादमी जोरा में आयोजित एशियन रैंकिंग अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर एशियन अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन भी किया गया। टूर्नामेंट 7 से 13 जून 2025 तक इसी स्थान पर आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज रहे। उन्होंने अंडर-14 वर्ग के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और अपने संबोधन में एशियन अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन भी किया।

उनके साथ मंच पर नरेश गुप्ता उपाध्यक्ष सीएसटीए, गुरुचरण सिंह होरा सचिव सीएसटीए एवं हरमीत सिंह होरा संयुक्त सचिव सीएसटीए भी उपस्थित थे। यह आयोजन उभरती हुई युवा प्रतिभाओं के लिए एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ। रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी की विश्वस्तरीय सुविधाएं और छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन सीएसटीए की सक्रिय भूमिका ने इस आयोजन को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अब टेनिस प्रेमियों की नजरें अंडर-16 टूर्नामेंट पर हैं, जो आगामी सप्ताह में रोमांचक मुकाबलों से भरा होगा।

**ये रहे विजेता**

अंडर-14 टूर्नामेंट में भारत, अमेरिका और जापान सहित कुल 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 171 मुकाबले हुए।

**ब्वॉयज सिंगल्स**

फाइनल : सत्य पार्थिव चिंतागुंटा ने दैविक कलवकुंटा को 7.5-6.3 से हराया

तीसरा स्थानः नमन बोरा ने सुयश पटनायक को 4.0, 4.0 से हराया

**गर्ल्स सिंगल्स**

फाइनलः शजफा वानिया एसके ने सृष्टि सूर्यवंशी को 0.6- 6.3- 6.4 से हराया

तीसरा स्थान : परिनिथा कुट्टी वट्टप्रंबिल ने सात्वी मर्दनिया को 4.2- 4.2 से हराया

**ब्वॉयज डबल्स – फाइनल**

वीर चातुर एवं नमन बोरा ने सुयश पटनायक एवं दैविक कलवकुंटा को 6.4- 7.5 से पराजित किया

**गर्ल्स डबल्स – फाइनल**

परिनिथा कुट्टी वट्टप्रंबिल एवं कृषिका गौतम ने शजफा वानिया एसके एवं शुभि शर्मा को 5.7- 6.0- [10.6] से हराया

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रिक स्कूटी
KOMAKI ELECTRIC VEHICLE DIVISION
अधिकृत विक्रेता
मेसर्स यज्ञ आटो कॉम्पोनेंट
8 रु. में 80 कि.मी.
प्रो. रंजन कुमार, मो. 8839612900
Ganpati Vihar, Near Car Wash, Kushalpur Chowk, Ring Road No. 1. Raipur (C.G.)

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाईंडिंग किया जाता है
C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्क्विड गेम'के तीसरे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज, दर्शक देख सकेंगे सीरीज



'स्क्विड गेम' वेब सीरीज के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी आई है। निर्माताओं ने इसके तीसरे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। साथ ही इसकी रिलीज तारीख की घोषणा भी कर दी है। 'स्क्विड गेम' फ्रेंचाइची के पिछले दो सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब इसके तीसरे और आखिरी सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, वहीं इसकी रिलीज तारीख का भी एलान हो चुका है। इसके ट्रेलर में जबरदस्त फाइट सीन दिखाई गई है। इस सीजन का प्रशंसक बहुत दिनों से बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब यह तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के सामने होगा। आइए जानते हैं इसे कब देख सकेंगे आप। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर 'स्क्विड गेम' के तीसरे और आखिरी सीजन का ट्रेलर लॉन्च किया। इस ट्रेलर में खिलाड़ी 456, सेओंग गि-हुन और अनजान फ्रंट मैन-वन के बीच एक खौफनाक फाइट दिखाई गई है। वहीं, इस सीजन में गी-हुन अभी भी अपने दोस्त जंग बे की मौत से सदमे में है और उसे गार्डों से भिड़ते हुए देखा जाता है। साथ ही उन्हें गार्डों से बार-बार पूछते हुए देखा जा सकता है, 'तुमने मुझे क्यों नहीं मारा? तुमने मुझे क्यों जिंदा रखा? इसका आखिरी सीजन दर्शकों को बेहद रोमांच देने वाला है। 'स्क्विड गेम' का तीसरा और आखिरी सीजन 27 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। इस वेब सीरीज का निर्माण, लेखन और निर्देशन ह्वांग डोंग-ह्युक ने किया है। इस सीजन के कलाकारों की बात करें तो इसमें गि-हुन के रूप में ली जंग-जे के अलावा ली ब्यूंग-हुन, यिम सी-वान, कांग हा-नेउल, वाई हा-जून, पार्क ग्यू-यंग, पार्क सुंग-हून, यांग डोंग-ग्यून, कांग ए-सिम, जो यूरी, ली डेविड और रोह जे-वोन जैसे कलाकार शामिल हैं।

### टॉलीवुड


## मोबाइल गिरने से आग बबूला हो उठे दग्गुबाती, पैपराजी पर निकाला गुस्सा



साउथ एक्टर राणा दग्गुबाती इस समय अपनी आगामी वेब सरीज 'राणा नायडू' सीजन 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी समय अभिनेता का एक वीडियो वायरल हो रहा, जिसमें एक व्यक्ति से टकराने की वजह से उनका फोन गलती से जमीन पर गिर जाता है। इस कारण एक्टर पैपराजी को जोरदार डांट लगाते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो को देख नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। वायरल वीडियो में साउथ अभिनेता एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान दूसरी तरफ से आ रही एक लड़की से उनकी टक्कर हो जाती है और एक्टर का मोबाइल हाथ से छूटकर जमीन पर गिर जाता है। यह देख अभिनेता का पारा चढ़ जाता है और वह अपना गुस्सा नजदीक खड़े पैपराजी पर निकालने लगते हैं। वहीं, वीडियो में उन्हें पैपराजी को डांटते और कंधे पर हाथ रख कर समझाते हुए देखा जा सकता है, लेकिन वह कैमरामैन बेहद डरा-सहमा हुआ है और अभिनेता सफाई देता रहा है। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और किसकी गलती है ये भी बता रहे हैं। वायरल वीडियो पर एक यूजर ने हंसते हुए कमेंट किया कि वो कैमरामैन सोच रहा है कि उसे क्यों तोड़ा। दूसरे यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'फोन किसी और की वजह से गिरा और आप अपना गुस्सा किसी और पर निकाल रहे हो, ये गलत है भाई।' वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि वो कैमरामैन की गलती नहीं है, बल्कि उस लड़की की गलती है। इसके अलावा अन्य यूजर ने रिएक्ट किया कि वाह भल्ला। राणा दग्गुबाती साउथ फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने अभिनेता हैं। उन्हें 'बाहुबली' फिल्म में भल्लाल देव के किरदार से पहचाना जाता है। वहीं इस समय अभिनेता अपनी वेब सरीज 'राणा नायडू' के सीजन 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं, जो 13 जून से स्ट्रीम की जाएगी।

### छॉलीवुड

## 'जित्तू की दुल्हनिया' का पोस्टर जारी, गाने की धूम यू-ट्यूब पर



अगले महीने 25 जुलाई को प्रदर्शित होने वाली उत्तम तिवारी कृत छत्तीसगढ़ी फिल्म 'जित्तू की दुल्हनिया' का पोस्टर विमोचन पद्म श्री सुपरस्टार अनुज शर्मा के हाथों से हुआ। इस फिल्म के स्टार कास्ट शालिनी विश्वकर्मा और जीतू दुलरवा के साथ जीतू शालिनी,पूप्पू चन्द्राकार,संजय महानंद,जीत शर्मा,धमेन्द्रचौबे, श्रुति पाण्डे, आकांक्षाबंजारे, मोहन, सुनील,भूमि साहू,अर्जन परमार,और सीआईपीएल मैच के क्रिकेटर एवं दर्शक भी मौजूद थे। इस फिल्म में काम किए हुए सभी कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के जनता से अपील की हैं कि फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर 25 जुलाई से जरूर देखे और अपना आशीर्वाद प्रदान करें! इस फिल्म का पहला गाना 'रायपुर के गोल बाजार' यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।बहुत जल्द यह गाना मिलियन क्लब में शामिल होने को तैयार है,जिसे दुर्गेश साहू और कंचन जोशी ने अपनी मधुर स्वर से गाया है।

### प्रेस्ली की डिजाइन

इस माह स्वतंत्र डिजाइनर प्रेस्ली ओल्डम अपने नामी आभूषण और फैशन ब्रांड की पांचवीं वर्षगांठ मना रहे हैं। 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद, उन्हें जश्न का मौका मिल गया। प्रेस्ली के डिजाइन किए कपड़े और आभूषण दोनों ही जर्मनी में लोकप्रिय है। मॉडल भी इन्हें अपनाना पसंद करते हैं।





## बनारसी साड़ी को नए अंदाज में करें कैरी, देखकर लोग नजरें नहीं हटा



बनारसी साड़ी को अलग अंदाज में कैरी करके अपना लुक बदलना चाहती हैं, तो हमारे द्वारा बताई गई इन टिप्स को फॉलो करें। साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं हर मौके पर पहनना पसंद करती हैं। बात करें साड़ियों के टाइप की तो ज्यादातर महिलाओं को बनारसी साड़ी पसंद आती है। उत्तर प्रदेश के बनारस में बनने वाली ये बनारसी साड़ी शादी-विवाह से लेकर पूजा-पाठ के मौके के लिए भी सबसे सही विकल्प मानी जाती हैं।

महिलाएं तो बनारसी साड़ी को बड़े चाव से पहनती हैं, लेकिन युवा लड़कियों को पारंपरिक परिधान में मॉडर्न टच देना पसंद आता है। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपनी पुरानी बनारसी साड़ी को अलग और नए अंदाज में कैरी कर सकती हैं। इससे आपको पुरानी से पुरानी साड़ी भी दोबारा नए तरह से इस्तेमाल हो जाएगी।



### सिंपल ब्लाउज को करें ना

यदि आप अपनी बनारसी साड़ी को अलग और नए अंदाज में कैरी करना चाहती हैं तो सिंपल से ब्लाउज को टाटा कहकर उसकी जगह क्रॉप टॉप को स्टाइल करें। ग्लैमरस लुक चाहिए तो बनारसी साड़ी के साथ कोर्सेट स्टाइल का ब्लाउज कैरी करें। वन-शोल्डर ब्लाउज भी आपके बनारसी साड़ी लुक को अलग और नया बनाने में मदद करेगा।

### पहनें केप

आजकल महिलाओं के बीच केप का काफी ट्रेंड है। केप हर तरह के आउटफिट के साथ अच्छा लगता है। साड़ी के पल्लु को अच्छी तरह से ड्रेप करके अगर आप केप पहनेंगी तो आपका अंदाज काफी अलग और नया लगेगा। इसके लिए मैचिंग की जगह एक दम कॉन्ट्रास्ट का केप खरीदें, ताकि उसका लुक अच्छा दिखे।

### बेल्ट लगाएं

बॉस लेडी लुक कैरी करना है तो आप साड़ी के साथ लेदर बेल्ट लगा सकती हैं। लेदर बेल्ट की वजह से आपका लुक काफी अलग और स्टाइलिश दिखेगा। ध्यान रखें कि ये बेल्ट आउटफिट से मैच खाती हो। इसके साथ ज्यादा चौड़ी बेल्ट का इस्तेमाल तो कतई न करें।

## सनस्क्रीन लगाने के बावजूद टैनिंग से काली हो रही त्वचा, कहीं ये गलतियां तो नहीं कर रहे

जिस तरह से गर्मी का असर लोगों की सेहत पर होता है, ठीक उसी तरह से गर्मी और तेज धूप लोगों की त्वचा पर भी प्रभाव डालती है। इस मौसम में सूरज की हानिकारक किरणें लोगों के चेहरे के साथ-साथ हाथ और पैरों को भी काला कर देती हैं। ऐसे में इससे बचने के लिए हर कोई सनस्क्रीन का इस्तेमाल करता है।

सनस्क्रीन का सही इस्तेमाल आपकी स्किन को टैनिंग से बचाता है। पर, बहुत से लोगों को ये शिकायत रहती है कि सनस्क्रीन के इस्तेमाल के बावजूद उनकी त्वचा पर टैनिंग हो रही है। ऐसा कुछ गलतियों की वजह से भी हो सकता है। हम आपको इसी बारे में बताएंगे, ताकि आप भी सनस्क्रीन का सही से इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन गर्मी के मौसम में भी खिली-खिली रहे।

यदि आपके हाथ-पैर काले पड़ रहे हैं, लेकिन चेहरा ठीक है तो ध्यान दें कि कहीं आप हाथ-पैर पर तो सनस्क्रीन लगाना भूल नहीं रहे हैं। यदि हां तो ये एक बड़ी गलती है। हाथ-पैरों पर भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल उतना ही जरूरी



है, जितना कि चेहरे पर। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपके हाथ-पैर अपने आप काले पड़ने लगेंगे।

आपके लिए ये जानना बेहद जरूरी है कि सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना है ? 40 एसपीएफ से कम वाली सनस्क्रीन को लगाना न लगाना बराबर होता है। इसलिए हमेशा 40 से ज्यादा एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा पर एक परत बना देती है, जिससे स्किन धूप की हानिकारक किरणों से बची रहती है।

ध्यान रखें कि यदि आपको घर से कहीं बाहर जाना है तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल कम से कम 20 मिनट पहने करें। सनस्क्रीन को त्वचा पर सेट होने के लिए थोड़े समय की जरूरत होती है। ऐसे में बाहर जाने से कम से कम 20 मिनट पहले स्किन पर सनस्क्रीन अप्लाई करें।

सनस्क्रीन को सिर्फ एक बार लगाकर नहीं छोड़ देना है। यदि आप ऐसी जगह रहते हैं, जहां भीषण धूप होती है तो बार-बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। इसका इस्तेमाल आपको हर दो से तीन घंटे में करना है। क्योकि पसीने की वजह से सनस्क्रीन साफ हो जाती है।

सनस्क्रीन के इस्तेमाल में बिल्कुल भी कंजूसी न करें। हमेशा एक रुपये के सिक्के जितनी मात्रा में सनस्क्रीन लेकर उसे हाथ-पैर और चेहरे पर लगाएं। इसे लगाने में यदि आप कंजूसी करेंगे तो इससे भी आपकी त्वचा पर सनस्क्रीन का असर दिखाई नहीं देगा।

## नहाते समय कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां, जो त्वचा को पहुंचाती हैं

गर्मी के मौसम में राहत पाने का सबसे अच्छा तरीका है नहाना। यही वजह है कि इस मौसम में तो लोग दो से तीन बार नहा लेते हैं। इस मौसम में बार-बार नहाना अच्छा माना जाता है, क्योंकि इससे शरीर को राहत मिलती है और पसीने की बदबू से भी छुटकारा मिलता है।

### गर्मी में भी गर्म पानी का इस्तेमाल

बहुत से लोग इस भीषण गर्मी के मौसम में भी गर्म पानी से नहाते हैं। जबकि गर्मी पानी से तो ठंड के मौसम में भी नहीं नहाना चाहिए। गर्म पानी त्वचा के प्राकृतिक तेल को खत्म कर देता है, जिस कारण स्किन काफी रूखी होने लगती है। ऐसे में हमेशा ठंडे पानी से ही नहाएं। यदि आप गर्म पानी से नहा भी रहे हैं तो याद रखें कि ये पानी एकदम हल्का गुनगुना होना चाहिए।

### देर तक नहाना

गर्मी के मौसम में शॉवर चलाकर नहाना हर किसी को अच्छा लगता है। उसके सामने से तो हटने का मन ही नहीं करता। यदि आप भी देर तक नहाते रहते हैं, तो आपको भी संभलने की



जरूरत है। ज्यादा देर तक नहाने से त्वचा की नमी खत्म होने लगती है। 10 मिनट नहाने के लिए काफी पर्याप्त माने जाते हैं।

### ज्यादा साबुन घिसना

नहाते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि ज्यादा साबुन घिसने से कभी भी त्वचा की सफाई नहीं होती। एक बार साबुन लगाकर आपको हाथ से ही त्वचा की गंदगी को साफ करना होगा। ज्यादा साबुन लगाने से भी स्किन डैमेज होने लगती है, इसलिए ऐसा कभी न करें।

## खरीदने से पहले जान लें लेस और गोटा पत्ती में फर्क

महिलाओं को बहुत अच्छे से पता होता है कि किस कपड़े को कैसे स्टाइल करना है। वो सादे से कपड़ों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ ऐसा ढूंढ ही लेती हैं, जो उनके लुक को पूरी तरह से बदल देता है। खासतौर पर एथनिक आउटफिट में चार चांद लगाने के लिए आपने भी कभी न कभी गोटा पत्ती और लेस का इस्तेमाल किया होगा। महिलाएं कपड़े पर क्या सूट करेगा, वो इस्तेमाल तो कर लेती हैं, लेकिन उन्हें इन दोनों चीजों का फर्क ही नहीं पता होता है। इसी के चलते हम आज के लेख में आपको लेस और गोटा पत्ती में फर्क बताएंगे, ताकि आप भी अपने आउटफिट के लिए सही चीज का चयन कर सकें।

### कैसे हुई लेस की उत्पत्ति

कपड़ों की खूबसूरती बढ़ाने वाली लेस की उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में यूरोप से हुई। उस वक्त इसके दो मुख्य प्रकार, सुई लेस और बॉबिन लेस विकसित हुए, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। शुरुआती दिनों में ये लिनन या रेशम के धागे से बनाई जाती थी, लेकिन



आज के समय में इसे बनाने में कॉटन, नेट, नायलॉन, पॉलिएस्टर के धागों का इस्तेमाल भी किया जाता है।

### कैसी होती है बनावट ?

अब बात करते हैं लेस की बनावट की तो इसकी बनावट काफी जालीदार, मुलायम, हल्की होती है। यही वजह है कि रोजाना पहनने वाले कपड़ों में भी लेस का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर कुर्ती, गाउन, टॉप, दुपट्टा, साड़ी के

### कार्नर न्यूज

### पुरुषों के स्टाइल का होता है अलग पैमाना

## मेंस फैशन में सबकी पसंदीदा है क्रॉप्ड पैंट, सही स्टाइल अपनाएंगे तो मिलेगा परफेक्ट लुक


फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है। इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी?

इसका जवाब है ये पेंट जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के



लिए इसमें जगह होनी चाहिए।

अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें।

इसके साथ आप स्लिप आन स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शूज का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

